हरिभूमि रायपुर भूमि



अभनपुर के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में मिली धूल खाती हुई किताबें, पूर्व विधायक ने फिर की छापेमारी





# किताब पर फिर उबाल

## ओपन स्कूल भी जांच के दायरे में, इधर गोदाम में मिलीं धूल खाती 20 हजार पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

फैक्ट्री में मौजूदा शैक्षणिक सत्र में किताबें गलाने का मामला शांत होते नजर नहीं आ रहा है। अब अभनपुर के एक विद्यालय में लगभग 20 हजार किताबें गोदाम में धूल खाती मिली हैं। इसे भी विधायक विकास उपाध्याय द्वारा पकड़ा गया है। दूसरी ओर पापुनि के जीएम को हटाए जाने के बाद माशिम अध्यक्ष रेणु पिल्ले मामले की जांच कर रही हैं। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, अब वे ओपन स्कूल की किताबों की भी जांच करने वाली हैं। गौरतलब है कि पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा शासकीय व निजी विद्यालय के छात्रों के साथ ही ओपन स्कूल के छात्रों के लिए भी किताबें छापी जाती हैं। इसमें भी बड़ी गड़बड़ी की ⏭ शेष पेज 13 पर

### किताबों की छंटनी अब तक नहीं

पूरा मामला उस वक्त सामने आया था जब सिलयारी की एक फैक्ट्री में लगभग 40 टन किताबें मिली थीं, जिन्हें पुनः कागज बनाने के लिए गलाया जा रहा था। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने ही इसे पकड़ा था। ये सभी किताबें शैक्षणिक सत्र 2024-25 की ही थी। जांच कमेटी द्वारा इन किताबों की कक्षावार और विषयवार छटनी करनी थी, लेकिन संख्या अधिक होने के कारण अब तक छटनी नहीं की जा सकी है।

## खबर संक्षेप

### चाकू की नोक पर लूट दो आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** खम्हारडीह पुलिस ने चाकू की नोक पर दोपहिया वाहन लूट के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। लूट की घटना में शामिल एक अन्य बदमाश फरार है। भावना नगर निवासी ईश्वर साहू से लूट के आरोप में दीपक मांडले तथा पंकज वैष्णव को गिरफ्तार किया गया है। घटना में शामिल सिद्धार्थ निर्मलकर फरार है। बदमाशों ने एक माह पूर्व ईश्वर के साथ मारपीट कर चाकू की नोक पर लूट की घटना को अंजाम दिया था।

### पीटीएस जवान के सूने मकान से लाखों की चोरी

**रायपुर।** माना थाने में पीटीएस में पदस्थ हेड कांस्टेबल ने अज्ञात के चोर के खिलाफ अपने सूने मकान से तीन लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजेंद्र विश्वकर्मा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। राजेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार को अपने परिवार के साथ मध्यप्रदेश नरसिंहपुर स्थित अपने मूल निवास गया था। घर पहुंचने के बाद राजेंद्र को उसके पड़ोसी ने घर का ताला टूटे होने के साथ चोरी होने की जानकारी दी।

### टाटा वाहन बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** टाटा वाहन चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी काशीराम गुप्ता निवासी कबीर नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24 सितंबर की देर शाम 7 बजे वह चारपहिया वाहन टाटा, जिसकी कीमत चार लाख रुपए है, गोंदवारा स्थित ओटू मॉल के पीछे खड़ा किया था।



इसी दौरान कोई चोर वाहन चोरी कर ले गया। पुलिस ने जांच करते हुए इस मामले में रवि उर्फ भाऊ कुम्भारे निवासी बंजारी नगर रावांभाठा एवं महेश यादव निवासी चूना भट्ठी डबरापारा गंज को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की वाहन बरामद किया है।

# मास्टरप्लान के नक्शे से 12 तालाब गायब, इनमें कहीं बस्ती दर्ज, किसी को बताया आवासीय

**जांच रिपोर्ट में जिक्र, गायब तालाबों को फिर से जोड़ा जाएगा**

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मास्टर प्लान 2031 का नक्शा तैयार करने में कई बड़ी गड़बड़ियां की गई हैं। मास्टर प्लान 2021 के नक्शे में दिखाई देने वाले 12 तालाबों को ही गायब कर दिया गया है। इन तालाबों में शासकीय और निजी दोनों तालाब हैं। जो तालाब गायब हो चुके हैं, उनकी जगह नक्शे में कहीं बस्ती, तो कहीं आवासीय इलाका दर्शा दिया गया है। इस तरह नए मास्टर प्लान में तालाबों को गायब करने की गड़बड़ी की जांच भी शासन द्वारा गठित कमेटी ने की है। इस जांच में कमेटी ने गायब हो चुके तालाबों को चिन्हांकित रिपोर्ट में उल्लेख किया है।

मास्टर प्लान 2031 के लागू होने से पूर्व टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने दावा-आपत्तियां मंगाई थी। इस दौरान 1432 आपत्तियां की गई थी। इन आपत्तियों के बाद मास्टर प्लान के नक्शे में कई खामियां भी सामने आनी लगी थीं। इनमें किसी तालाब ⏭ शेष पेज 13 पर



### ये तालाब सुरक्षित पर नक्शे से गायब

नए मास्टर प्लान के नक्शे से ऐसे तालाबों को भी गायब कर दिया गया है, जो अभी सुरक्षित है। इनमें खो-खो तालाब पुरानी बस्ती, डूंडा बस्ती में कृष्णा पब्लिक स्कूल के पीछे, तेलीबांधा क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे के पीछे स्थित तालाब के अलावा गुढ़ियारी सहित अन्य तालाब शामिल है।

### कई तालाब बस्ती में तब्दील हो चुके

मास्टर प्लान के नक्शे के अनुसार गायब हो चुके तालाबों में से 3 से 4 तालाब बस्ती का रूप ले चुके हैं, जहां सैकड़ों परिवार पिछले कई वर्षो से रहते भी हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार इनमें राजीव नगर मोवा क्षेत्र, राजीव भवन के सामने रोड के पीछे का इलाका खम्हारडीह, भनपुरी इलाके में खमतराई थाना के पीछे का इलाका। बताया जा रहा है, यहां किसी का निजी तालाब था, जहां अब पुलिस कालोनी बस चुकी है।

### गायब तालाबों को नक्शे में दर्शाया जाएगा

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जितने तालाब गायब हुए हैं। इन तालाबों को मास्टर प्लान 2031 के नक्शे में पुनः दर्शाया जाएगा। गायब तालाब में निजी के अलावा कई शासकीय है। इनमें ग्राम डूंडा बस्ती में दो शासकीय तालाब है। इनमें एक तालाब को नक्शे से हटाया दिया गया है। इसे पुनः शामिल किया जाएगा।

### बस्ती बन चुके तालाब को पुनर्जीवित करना जरूरी

विभागीय अधिकारियों का यह भी कहना है कि जो तालाब पटकर बस्ती में तब्दील हो चुके हैं। ऐसे तालाब को भविष्य में पुनर्जीवित करना होगा। मास्टर प्लान आगामी 10 साल के बाद शहर की आबादी 30 लाख तक पहुंचने का आकलन करते हुए तैयार किया गया है। आबादी बढ़ेगी तो शहर में पानी की खपत के साथ गाड़ियां, उद्योग भी बढ़ेंगे, जिससे प्रदूषण भी बढ़ेगा। पानी की पूर्ति एवं प्रदूषण को रोकने के लिए तालाबों का संरक्षण जरूरी है। इसके लिए बस्ती में तब्दील हो चुके तालाबों को पुर्नजीवित करना जरूरी है। इसके लिए बस्ती को हटाकर वहां पुनः तालाब का निर्माण करने की संभावना भी रहेगी।

### जांच में 12 तालाब गायब मिले

जांच के 6 बिंदुओं में तालाब की गड़बड़ी भी शामिल है। कमेटी ने अन्य बिंदुओं के साथ तालाब की गड़बड़ी की जांच की तो नए मास्टर प्लान के नक्शे से 12 तालाब गायब मिले। इनमें शासकीय एवं निजी दोनों हैं। ये तालाब मास्टर प्लान 2021 में थे, लेकिन 2031 में नहीं हैं।

\- **विनीत नायर,** संयुक्त संचालक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रायपुर

# मरीन ड्राइव में भिक्षावृत्ति करते 3 बालक रेस्क्यू, रेस्टोरेंट में 4 बाल श्रमिक मिले, संचालक पर होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यू ⏭ रायपुर

जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार को तेलीबांधा क्षेत्र में बाल भिक्षावृत्ति में संलिप्त बालकों का रेस्क्यू अभियान चलाया। इस दौरान 3 बच्चों को रेस्क्यू भी किया। इस दौरान टीम ने एक रेस्टोरेंट के संचालक के विरुद्ध बालकों से श्रम कराने के मामले में कार्रवाई की है। इस रेस्टोरेंट में 4 बालकों से श्रम कराया जा रहा था। इन बालकों को भी रेस्क्यू किया गया। टीम ने इस मामले में संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए संबंधित थाना पुलिस को पत्र भी भेजा है।

महिला एवं बाल विकास विभाग को मरीन ड्राइव सहित तेलीबांधा क्षेत्र में नाबालिग बच्चों द्वारा भीख मांगने एवं कथित कुछ व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में श्रम ⏭ शेष पेज 13 पर

## जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग ने चलाया संयुक्त अभियान



### बालश्रम एवं भिक्षावृत्ति रोकने चलाया रेस्क्यू अभियान

प्रशासन के निर्देश पर नाबालिग बालकों के बालश्रम एवं भिक्षावृत्ति रोकने विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 7 बच्चों को रेस्क्यू किया है। इनमें 3 बालक भिक्षावृत्ति में संलिप्त थे तथा 4 बालकों को श्रम कराया जा रहा था।

\- **निशा मिश्रा,** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर

### सिप एंड बाइट रेस्टोरेंट में कराया जा रहा था बालश्रम

तेलीबांधा क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान टीम ने सिप एंड बाइट रेस्टोरेंट में दबिश दी। टीम को यहां 4 नाबालिग बालक श्रम करते मिले, जिनमें तीन बालक दूसरे राज्य के हैं। इनमें दो झारखंड के और एक ओड़िशा राज्य का निवासी है। एक बालक रायपुर का है। इन चारों बालकों को भी रेस्क्यू किया गया। इस दौरान टीम ने रेस्टोरेंट संचालक से उनका पारिश्रमिक भी दिलाया।

# दुर्गा पंडाल में अनाधिकृत बिजली कनेक्शन पर होगी कार्रवाई

- बिजली विभाग ने दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने पंडाल में अस्थायी कनेक्शन लेने के लिए कहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अगले सप्ताह तीन अक्टूबर गुरुवार से नवरात्रि पर्व शुरू होने जा रहा है। नवरात्रि पर्व के अवसर पर शहर के अलग-अलग चौराहों पर दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने पंडाल लगाया जाता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए बिजली विभाग ने पंडाल लगाने वालों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है।

बिजली विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश के मुताबिक दुर्गा पंडाल लगाने विद्युत लाइन तथा ट्रांसफार्मर से पर्याप्त दूरी बनाए रखने के लिए कहा है। साथ ही विद्युत साज-सज्जा के लिए उचित क्षमता वाले वायर व मेन स्विच लगाने की बात कही गई है। साथ ही बिजली का उपयोग करने कटे, छिले तारों का उपयोग नहीं करने हिदायत दी गई है। साथ ही पंडाल में बिजली लगाने जोन कार्यालय में अनिवार्य रूप से अस्थायी कनेक्शन के लिए आवेदन देने के लिए कहा है। बगैर आवेदन के अनाधिकृत तौर पर बिजली उपयोग करने पर बिजली विभाग ने कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। बिजली को लेकर किसी भी तरह की परेशानी होने पर जोन स्तर पर बिजली विभाग ने हेल्प लाइन नंबर भी जारी किया है।

**सीएसवीटीयू कुलपति के खिलाफ बैठी कमेटी**

# एनआईटी डायरेक्टर सहित तीन सदस्यीय टीम करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि के कुलपति के खिलाफ कमेटी बैठा दी गई है। राज्यपाल के निर्देश पर यह जांच कमेटी बैठी है। इसमें एनआईटी निर्देशक डॉ. रमना राव, कृषि विवि के कुलपति प्रो. गिरीश चंदेल सहित शारदा वर्मा शामिल हैं।

- 4 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है डॉ. एमके वर्मा का दूसरा कार्यकाल

सीएसवीटीयू कुलपति के खिलाफ भ्रष्टाचार की मिली शिकायतों के आधार पर यह जांच कमेटी बनाई गई है। जांच समिति में शामिल सदस्यों द्वारा इसकी पुष्टि की गई है। इस तीन सदस्यी कमेटी को निर्धारित अवधि में अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी। कुलपति ⏭ शेष पेज 13 पर



### पहले भी हो चुका है विवाद

यह पहली बार नहीं है, जब सीएसवीटयू के कुलपति का नाम किसी तरह की गड़बड़ी में सामने आया हो। इसके पूर्व में भी टीए-डीए भुगतान को लेकर विवाद सामने आया था। किंतु राशि लौटा दिए जाने से मामला शांत हो गया था। वर्तमान में बैठाई गई जांच भी भ्रष्टाचार संबंधित मुद्दों को लेकर ही है। हालांकि जांच के बिंदु सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। कुलपति के तीसरे कार्यकाल के लिए उनकी दावेदारी पर इससे विपरित प्रभाव पड़ सकता है।



## खबर संक्षेप

### सरकारी विभागों में 3500 पदों पर भर्ती शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों में युवाओं की भर्ती का सिलसिला वृहद पैमाने पर शुरू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर अब तक लगभग 8 विभागों में 3,474 पदों की भर्ती के लिए वित्त विभाग ने अपनी मंजूरी दे दी है। खाली पदों पर भर्ती की प्रक्रिया को लेकर कमोबेश सभी विभाग प्रस्ताव बनाने से लेकर शासन से स्वीकृति की तैयारी में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री की मंशानुरूप विभागों में भर्ती की प्रक्रिया अनवरत रूप से जारी रहेगी। वित्त विभाग से स्वीकृति मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, गृह विभाग, विधि विभाग, आदिम जाति कल्याण, वन एवं पर्यावरण विभाग अपने-अपने विभागों में भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाने में लगे हैं। मुख्यमंत्री लगातार छत्तीसगढ़ में युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार में नए अवसर प्रदान करने के लिए कार्य कर रहे हैं।

### कोर्ट के आदेश पर एसीएस वन ने तीन दिन में मांगी सभी प्रकरणों की सूची

**रायपुर।** वन विभाग में नियमितीकरण के मामले में न्यायालयीन प्रकरणों के शासन स्तर पर त्वरित निराकरण और समीक्षा को लेकर एसीएस वन ऋचा शर्मा ने विभागीय अधिकरियों को पत्र लिख कर सभी प्रकरणों की तीन दिन में जानकारी मांगी है। उन्होंने कहा, कोर्ट के आदेशों की नियमित समीक्षा न होने के कारण अवमानना की स्थिति बन रही है। विभाग द्वारा महाधिवक्ता से अभिमत प्राप्त कर रिट, रिव्यू और याचिका दायर होने में विलंब पर चिंता जताई। उन्होंने पीसीसीएफ व्ही श्रीनिवास राव, सभी डीएफओ और वन संरक्षकों को लिखे अर्ध शासकीय पत्र में कहा है, न्यायालयीन प्रकरण जिन पर कार्यवाही की जानी है, उनकी पाक्षिक समीक्षा करें।

# दक्षिण विधानसभा उपचुनाव, कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए करा रही सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रायपुर

राजधानी की रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट टिकट की दावेदारी कर रहे कांग्रेस के कई नेताओं को झटका लग सकता है। कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट उम्मीदवारों के लिए एक सर्वे करवा रहे हैं। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर उम्मीदवार के नाम पर सहमति बन सकती है। रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। भाजपा और कांग्रेस ने चुनाव के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं।

दोनों पार्टियों में उम्मीदवार के नाम को लेकर भी मंथन चल रहा है। रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है। इस सीट से लगातार आठ बार बीजेपी के बृजमोहन अग्रवाल रहे हैं। भाजपा के गढ़ को भेदने के लिए कांग्रेस इस बार बड़ी तैयारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस पार्टी उम्मीदवार को लेकर सर्वे कर रही है। कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट भी सर्वे करवा रहे हैं। ऐसे में कई दावेदारों को झटका लग सकता है। सचिन पायलट की देखरेख में संगठन के स्तर पर सर्वे किया जा रहा है। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद उम्मीदवार के नाम पर सर्वसम्मति से फैसला लिया जाएगा। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद भी फाइनल उम्मीदवार की घोषणा मंथन के बाद किया जाएगा। फाइनल उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं होने तक सभी दावेदारों को क्षेत्र में एक्टिव रहने को कहा गया है।

## प्रदेश प्रभारी की देखरेख में संगठन के स्तर पर किया जा रहा सर्वे

### 6 पूर्व मंत्रियों को दी गई जिम्मेदारी

बताया जा रहा है कि रायपुर दक्षिण के कुछ वार्ड़ों उस तरह से काम नहीं हुआ है जिस तरह से सचिन पायलट चाहते थे। जिस कारण से वार्ड प्रभारियों को नया टास्क दिया गया है। नेताओं को रायपुर दक्षिण में एक्टिव रहने को कहा गया है। सचिन पायलट ने 6 पूर्व मंत्रियों को रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव को लेकर टास्क दिया था।




### भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल

*रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट से भाजपा के सीनियर नेता ब्रिजमोहन अग्रवाल चुनाव जीतते आ रहे हैं। 2023 में भी ब्रजमोहन अग्रवाल ने बंपर जीत दर्ज की थी। 2024 के लोकसभा चुनाव ने बीजेपी ने रायपुर लोकसभा सीट से ब्रिजमोहन अग्रवाल को टिकट दिया था। ब्रिजमोहन अग्रवाल चुनाव जीत गए। उसके बाद उन्होंने विष्णुदेव साय की कैबिनेट और विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफे के बाद सीट रिक्त घोषित कर दी गई थी।*


## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी की सराहना की

# नड्डा ने नालंदा लाइब्रेरी में 500 से ज्यादा युवाओं को दिलाई भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रायपुर

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा रायपुर प्रवास के दौरान गुरुवार शाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी के साथ नालंदा परिसर पहुंचे। उन्होंने वहां लाइब्रेरी में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से संवाद किया। श्री नड्डा ने यूपीएससी, सीजीपीएससी सहित अन्य भर्ती परीक्षाओं की तैयारी के लिए नालंदा लाइब्रेरी में अध्ययन की हाईटेक सुविधा, बैठक व्यवस्था एवं सकारात्मक वातावरण की तारीफ की। श्री नड्डा ने जहां छह युवाओं को भाजपा की सदस्यता दिलाकर सदस्यता का प्रमाणपत्र दिया, वहीं 500 से ज्यादा युवाओं ने अपने मोबाइल से मिस्ड कॉल करके भाजपा की सदस्यता ली।

केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने रायपुर में नालंदा परिसर को उसके नाम के अनुरूप स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय एवं वित्तमंत्री श्री चौधरी की सराहना की। श्री नड्डा ने नालंदा लाइब्रेरी से आरएफआईडी के माध्यम से पुस्तक इश्यू होने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने युवाओं से संवाद करते हुए उनके द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली। नालंदा लाइब्रेरी से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर विभिन्न पदों पर चयनित युवाओं ने केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा से संवाद किया और कहा कि यह लाइब्रेरी युवाओं के अध्ययन के लिए चौबीसों घंटे खुली रहती है। यहां पढ़ाई का बेहतर वातावरण एवं इंटरनेट की सुविधा भी उपलब्ध है। केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने सभी युवाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नालंदा लाइब्रेरी युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए बड़ी मददगार साबित होगी। छत्तीसगढ़ में युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आईटी को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय के प्रयासों को सराहा और कहा कि इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बनेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा राज्य के 22 शहरों में नालंदा परिसर रायपुर के तर्ज पर ही सर्वसुविधा युक्त लाइब्रेरी की स्थापना को अच्छी पहल बताया और कहा कि इससे राज्य के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने में मदद मिलेगी।



**विमानतल पर स्वागत :** श्री नड्डा का शाम को रायपुर पहुंचने पर विमानतल पर गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया गया। विमानतल पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश के भाजपा प्रभारी नितिन नवीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल सहित भाजपा नेता उपस्थित थे। रात को श्री नड्डा के जम्मू कश्मीर रवाना होने के समय भी विमानतल पर मुख्यमंत्री सहित कई मंत्री और भाजपा नेता उपस्थित थे।

### चौधरी ने दी नालंदा की जानकारी

वित्तमंत्री श्री ओ.पी चौधरी ने केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा को नालंदा लाइब्रेरी के बारे में जानकारी देते हुए बताया यहां एक हजार युवा एक साथ बैठकर अध्ययन कर सकते है। लाइब्रेरी में 200 एमबीपीएस इंटरनेट की सुविधा है और अध्ययनरत छात्रों के मांग के अनुसार पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती है और आरएफआईडी के माध्यम से पुस्तकें इश्यू करने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और विधायक किरण देव, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### कुछ दल युवाओं को कर रहे भ्रमित

श्री नड्डा ने कहा कि देश में कुछ दल युवाओं को भ्रमित कर राजनीति करते रहे हैं। वह दल किसी से छिपा नहीं है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने युवाओं से भाजपा की सदस्यता की अपील की। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण श्रद्धेय भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। उनके सपनों को पूर्ण करने प्रदेश में भाजपा की सरकार कार्य करती रही है। छत्तीसगढ़ राज्य अपना उदय के 25वें बसंत की ओर है। विकसित छत्तीसगढ़ का सपना हम सबका सपना है।

## अनुकंपा नियुक्ति के पौने आठ सौ से अधिक प्रकरण लंबित, सरकार ने कहा-जल्दी भर्ती करो

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में जल्द से जल्द नियुक्ति देने के बार बार निर्देश दिए जाने के बाद भी ये हाल है कि राज्य के 32 जिलों में अनुकंपा नियुक्ति के पौने आठ सौ से अधिक प्रकरण लंबित हैं। अब सामान्य प्रशासन विभाग ने शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल अध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्षों कमिश्नरों और कलेक्टरों से कहा है कि लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के लिए संबंधितों को निर्देशित करें।

**जारी हुआ ये आदेश :** सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव द्वारा जारी आदेश में जानकारी दी गई है कि अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों की जानकारी सभी कलेक्टरों से मांगी गई थी। 32 जिलों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुकंपा नियुक्ति के तृतीय श्रेणी के 544 तथा चतुर्थ श्रेणी के 238 प्रकरण यानि कुल 782 प्रकरण लंबित है।




# विश्व पर्यटन दिवस



## विश्व पर्यटन दिवस: सांस्कृतिक और सतत विकाश की दिशा में पर्यटन का महत्व

विश्व पर्यटन दिवस हर साल 27 सितंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पर्यटन के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक मूल्यों को समझाना और उसे प्रोत्साहित करना है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य पर्यटन के माध्यम से वैश्विक एकता को बढ़ावा देना और सतत विकास की ओर कदम बढ़ाना है। 2024 का विषय 'पर्यटन और हरित निवेश' है, जो पर्यावरण-संरक्षण के साथ आर्थिक प्रगति को संतुलित करने पर जोर देता है। पर्यटन न केवल आर्थिक समृद्धि का साधन है, बल्कि यह विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ने और आपसी समझ को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम भी है। यह क्षेत्र लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करता है और स्थानीय व्यवसायों के लिए नई संभावनाएं खोलता है। सतत पर्यटन के माध्यम से पर्यावरण और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण संभव है।विश्व पर्यटन दिवस दुनिया भर के लोगों को एक मंच प्रदान करता है ताकि वे यात्रा के अनुभवों के माध्यम से एकजुट होकर वैश्विक चुनौतियों का सामना कर सकें।

















## खबर संक्षेप

### शांति गुरुदेव का स्वर्गारोहण महोत्सव आज

**रायपुर।** महान योगीराज श्रीश्री 1008 विजय शांति सुरीश्वर का 81वां स्वर्गारोहण महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम सकल जैन श्री संघ एवं शांति विजय मंडल के तत्वावधान में 27 सितंबर को मनाया जाएगा। इस महोत्सव के उपलक्ष में एमजी रोड दादाबाड़ी में दोपहर 2 बजे अष्टप्रकारी पूजा एवं रात्रि 8 बजे अखिल भारतीय भव्य भक्ति गीत स्पर्धा रखी गई है, जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ से भजन मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। यह जानकारी शांति विजय मंडल के अध्यक्ष रतन जैन, कोषाध्यक्ष सुरेश पारख ने देते हुए बताया कि विगत 41 वर्षों से परम पूज्य शांति गुरुदेव का स्वर्गारोहण महोत्सव मनाया जा रहा है।



### क्रियायोग ध्यान और दीक्षा शिविर आज से

**रायपुर।** सांइस कॉलेज के पीछे सरस्वती शिक्षण संस्थान के सभागार में तीन दिवसीय 27 से 29 सितंबर तक क्रियायोग ध्यान एवं दीक्षा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय संस्था के भारतीय मुख्यालय हरिहरानंद गुरुकुलम बालीघाई पुरी ओडिशा से वरिष्ठ स्वामी अनिर्वाणानंद गिरि और भोपाल मध्यप्रदेश से पधार रहे वानप्रस्थी योगाचार्य कृष्ण राव दौण्ड की मार्गदर्शन में किया जाएगा। शिविर में भाग लेने के लिए पंजीयन जरूरी है। इस शिविर में गुरु परंपरा के तहत दीक्षा प्राप्त साधक ही क्रियायोग साधना प्रविधि में भाग ले सकते हैं।

## निधन

### उषा अरोरा

**रायपुर।** शैलेंद्र नगर निवासी उषा अरोरा का निधन हैदराबाद में हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 सितंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे हेमंत अरोरा की माता और रिषि अरोरा की दादी थीं।



# बगैर तलाक जेल प्रहरी ने की दूसरी शादी, आयोग ने एसपी-जेल अधीक्षक को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में एक जेल प्रहरी के खिलाफ उसकी पत्नी ने शिकायत की है कि उससे तलाक लिए बिना उसके पति ने दूसरी महिला से विवाह कर लिया है तथा उसे और उसके बच्चों को छोड़ दिया है। अनावेदक बिलासपुर सेंट्रल जेल का प्रहरी है। इस शिकायत पर आयोग ने गुरुवार को सुनवाई बुलाई थी, जिसमें पीड़िता और उसके पति को बुलाया था। इस सुनवाई में अनावेदक नहीं पहुंचा, जिसके बाद आयोग ने इस मामले में बिलासपुर के जिला पुलिस अधीक्षक और सेंट्रल जेल अधीक्षक को पत्र लिखकर प्रहरी को आयोग की आगामी सुनवाई में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने रायपुर स्थित आयोग कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित कई प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने एक अन्य प्रकरण में पहली पत्नी को तलाक दिए बिना दूसरा विवाह कर अपनी पत्नी और तीन बेटियों को घर से निकाल देने का मामला आया। इस मामले में आवेदिका ने आरोप लगाया कि उसका पति उसके साथ मारपीट करता है तथा बच्चों के भरण-पोषण के लिए खर्च भी नहीं देता। उसका उसके पति से तलाक नहीं हुआ है, फिर भी उसने दूसरी महिला से शादी कर ली है, जो उसके साथ रहती है। आयोग ने इस मामले में आवेदिका को सुरक्षा की दृष्टि से 2 माह के लिए नारी निकेतन भेजने का आदेश दिया है।

### आयोग के कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज-मारपीट

आयोग में आज आयोग के कर्मचारियों के साथ ही गाली-गलौज एवं मारपीट करने के मामले में सुनवाई की गई। बताया गया कि 26 सितंबर को एक प्रकरण में दो पक्षों के बीच सुनवाई होनी थी। इस सुनवाई के एक दिन पूर्व 25 सितंबर की शाम 6 बजे आयोग के कर्मचारियों के साथ इन पक्ष के लोगों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। इसके बाद कर्मचारी को मोबाइल पर संपर्क कर धमकाने का भी प्रयास किया गया। आयोग ने इसे संज्ञान में लिया है और गोलबाजार थाना प्रभारी को इस संबंध में जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



### निगम अधिकारी को पुलिस के माध्यम से उपस्थित कराने के निर्देश

*एक अन्य प्रकरण में आवेदिका ने शिकायत की थी कि सहायक श्रम आयुक्त के निर्देश के बाद भी उसकी मां की अनुकंपा राशि 59 हजार रुपए का भुगतान नगर निगम द्वारा नहीं किया गया है। निगम अधिकारी द्वारा लगातार आवेदिका को दफ्तर के चक्कर लगवा रहे हैं। इस शिकायत पर आयोग ने निगम अधिकारी को सुनवाई में आने की सूचना दी थी। इसके बाद भी अधिकारी सुनवाई में नहीं पहुंचे। आयोग ने इस मामले में अब थाना प्रभारी के माध्यम से आगामी सुनवाई में उपस्थित कराने के निर्देश दिए हैं।*

## घटना मुजगहन थाना क्षेत्र की

# खारुन एनीकट में छात्र डूबा, नहीं मिला शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुजगहन थाना क्षेत्र स्थित खारुन नदी एनीकट में नौवीं में पढ़ने वाला छात्र डूब गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम छात्र की तलाश में जुट गई है। देर शाम तक पानी में डूबे छात्र की पतासाजी की गई। अंधेरा होने की वजह से रेस्क्यू रोक दिया गया है। फिलहाल उसका शव नहीं मिल पाया है। पुलिस के मुताबिक, बोरियाखुर्द निवासी राजकुमार वर्मा गुरुवार दोपहर 3 बजे के करीब अपने दोस्तों के साथ खारुन नदी में बने एनीकट में नहाने के लिए गया था। इस दौरान वह पानी की गहराई को भांप नहीं पाया और गहराई में समा गया। नदी में तेज बहाव होने की वजह से नहाने गए दोस्त राजकुमार की किसी भी तरह से मदद नहीं कर पाए। छात्र के पानी में डूबने की जानकारी मिलने के बाद पास से गुजर रहे लोगों ने अपने स्तर पर उसे ढूंढने की कोशिश की। मौके पर उपस्थित लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम राजकुमार की पतासाजी करने में जुटी हुई है।

- दोस्तों के साथ एनीकट में नहाने गया था

## सोने की कीमत में लगातार इजाफा, निवेशकों के साथ ही आम ग्राहक भी खरीद रहे जेवर

# पितृपक्ष में भी सराफा बाजार गुलजार रोज हो रहा 50 करोड़ का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पितृपक्ष में आमतौर पर खरीदारी नहीं होती, लेकिन सोने और चांदी की कीमत लगातार बढ़ने के कारण जहां एक तरफ निवेशक रोज खरीदारी कर रहे हैं, वहां सामान्य ग्राहक भी जमकर सोने के जेवर ले रहे हैं। प्रदेश में सामान्य समय में जिस तरह से रोज करीब 50 करोड़ की खरीदारी होती है, उतनी ही हो रही है। रोज निवेशक 25 करोड़ का निवेश भी कर रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा 20 करोड़ का सोना खरीदा जा रहा है। चांदी में निवेश हो रहा है, लेकिन यह रोज पांच करोड़ का ही है। बाकी 25 करोड़ की खरीदारी सामान्य ग्राहक कर रहे हैं। सोने की कीमत में लगातार इजाफा हो रहा है। इस साल पहली बार सोना मंगलवार को 77 हजारी बना, इसके बाद गुरुवार को यह 78 हजारी बनने के बाद 80 हजारी की राह पर है। कभी भी सोना 80 हजारी हो सकता है। इसी तरह से चांदी की कीमत में भी तेजी से उछाला आया है। मंगलवार को चांदी की कीमत 91 हजार थी, यह बुधवार को 93900 हो गई। इसके बाद गुरुवार को चांदी 95 हजार के करीब पहुंच गई। चांदी की कीमत इस बार धनतेरस के समय एक लाख हो सकती है।



**पहले जैसी खरीदारी**

बाजार पर पितृपक्ष का कोई असर नहीं है। जहां निवेशक खरीदारी कर रहे हैं, वहीं ग्राहक भी सामान्य दिनों की तरह खरीदारी कर रहे हैं।रोज कीमत में तेजी आ रही है।

**हरख मालू,** सराफा कारोबारी

### 50 हजार वाला सोना अब 78 हजार

बीते साल भर में सोने की कीमत से तो नए-नए रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। इस बार जितनी तेजी से इसकी कीमत में इजाफा हो रहा है, उतनी तेजी से कभी नहीं होता था। करीब पौने दो साल में सोने की कीमत 28 हजार रुपए बढ़ी है। 50 हजार वाला सोना 78 हजार के पार हो गया है। यानी कीमत में 55 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस साल की ही बात करें तो इस साल जनवरी में सोने की कीमत 65300 रुपए थी जो इस समय 78100 हो गई है। वैसे इसके पहले सोना दो बार 76 हजार के पार जाकर 77 हजार के करीब पहुंचा है, लेकिन यह 77 हजार तक कभी नहीं गया था, लेकिन अब यह 77 हजार से भी आगे बढ़कर 78 हजार के पार हो गया है।

### सोने-चांदी में 25 करोड़ का रोज निवेश

*प्रदेश में राजधानी रायपुर के साथ सभी शहरों को मिलाकर निवेशक रोज करीब 20 करोड़ का सोना निवेश करने के लिए खरीदते रहे हैं। निवेश के लिए खरीदा जाने वाला सोना सिक्कों के साथ बिस्कुट और सिल्ली की शक्ल में होता है। जहां एक ग्राम से लेकर 100 ग्राम तक के सिक्के मिलते हैं। वहीं किलो में लेने के लिए सिल्ली के रूप में मिलते हैं। निवेश के लिए खरीदे जाने वाले सोने को ही बुलियन कहा जाता है। सोने के साथ ही चांदी में भी निवेश किया जाता है। हालांकि इसमें सोने की तुलना में कम निवेश होता है, क्योंकि इसकी कीमत कम होने के कारण इसको बहुत ज्यादा मात्रा में लेना पड़ता है। चांदी में निवेशक रोज करीब पांच करोड़ लगाते हैं।*

# झारखंड शराब घोटाले को लेकर पूर्व आईएएस सहित सात के खिलाफ अपराध दर्ज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में बड़े पैमाने पर शराब घोटाला होने का आरोप है। झारखंड के अफसरों की शिकायत पर ईओडब्लू ने पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा, एपी त्रिपाठी, अरविंद सिंह, झारखंड को दो अफसर सहित सात लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जांच एजेंसी ने यह अपराध एक सप्ताह पूर्व दर्ज किया है। ईओडब्लू में झारखंड शराब घोटाले को लेकर जो अपराध दर्ज है, उसके मुताबिक दिसंबर 2022 में झारखंड की शराब नीति टेंडर में बदलाव किया गया है। नीति में बदलाव करने अनवर ढेबर के घर में बैठक करने का आरोप है। बैठक में पूर्व आईएएस टूटेजा, अरविंद सिंह तथा एपी त्रिपाठी तथा झारखंड के आबकारी अधिकारियों के शामिल होने की बात सामने आई है। नीति में बदलाव करने का उद्देश्य सुमित कंपनी को फायदा दिलाना बताया जा रहा है। शराब नीति में बदलाव करने से झारखंड सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है।

- झारखंड में शराब घोटाला की साजिश रायपुर में रचे जाने का आरोप

### छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में नकली होलोग्राम

सूत्रों के मुताबिक शराब घोटाला करने छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में भी बड़े पैमाने पर नकली होलोग्राम का उपयोग किया गया।

# फेरी वाले के भेष में घूम रहे दो चेन स्नैचर गिरफ्तार

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र में मेन रोड पर एक महिला के गले से चेन तथा मंगलसूत्र लूटने के आरोप में पुलिस ने दो अंतर्राज्यीय चेन स्नैचरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने महिला से लूटी गई चेन तथा मंगलसूत्र जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक चेन स्नैचिंग के आरोप में महाराष्ट्र नागपुर निवासी मोहम्मद जाकिर तथा साहिल शेख को गिरफ्तार किया गया है। दोनों बदमाशों ने मंगलवार को चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार बदमाशों ने सत्यम विहार कालोनी निवासी उमा डेकाटे के गले से चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया था। उमा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह घटना दिनांक को एचएम अस्पताल से पैदल घर जाने निकली थी। दोपहर सवा तीन बजे के करीब बाइक सवार दो बदमाश उसके करीब पहुंचे और झपट्टा मारकर उसके गले से चेन तथा मंगलसूत्र लूटकर फरार हो गए।



### एक सप्ताह पूर्व रायपुर आए थे

पुलिस के अनुसार चेन स्नैचिंग की घटना को लेकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर उन्हें संदिग्ध बाइक का नंबर मिला। नंबर प्लेट के आधार पर बदमाशों की पतासाजी की गई। पुलिस के अनुसार पकड़े गए बदमाशों ने एक सप्ताह पूर्व रायपुर आना बताया। बदमाश ईदगाह भाठा में अपने किसी रिश्तेदार के यहां रुके थे।

## बिजनेस साइट

### बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा स्वच्छता अभियान का आयोजन

**रायपुर।** स्वच्छता ही सेवा 2024 - बैंक ऑफ़ बड़ौदा रायपुर अंचल द्वारा सामूहिक सफाई/स्वच्छता अभियान का आयोजन स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, रायपुर अंचल के अंतर्गत कार्यालयों और शाखाओ में विभिन्न स्वच्छता सम्बंधित कार्यक्रम जैसे स्वच्छता प्रतिज्ञा, सामूहिक स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई, वृक्षारोपण आदि का आयोजन किया जा रहा है।



इसी क्रम में, गुरुवार को, बैंक ऑफ़ बड़ौदा टीम ने मरीन ड्राइव, तेलीबांधा, रायपुर में सामूहिक सफाई रायपुर के नगर निगम अधिकारी एवं सफाई मित्र के समन्वय से किया, जिसमें श्री दिवाकर पी सिंह- महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख बैंक ऑफ़ बड़ौदा रायपुर अंचल ने मरीन ड्राइव स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया। इस अवसर पर डॉ. रमेश कुमार मोहंती - उपमहाप्रबंधक (अनुपालन एवं आश्वासन), भरतकुमार चावड़ा- उपमहाप्रबंधक (व्यवसाय विकास), किसलय प्रसाद - सहायक महाप्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख रायपुर, मलयकुमार एम पांचाल - सहायक महाप्रबंधक, संदीप कुमार मान - सहायक महाप्रबंधक सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की।

### कोलंबिया फार्मेसी संस्थान में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे का आयोजन



**रायपुर।** फार्मेसी कौंसिल ऑफ़ इंडिया नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोलंबिया फार्मेसी संस्थान द्वारा "वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने वाले फार्मासिस्ट" थीम पर वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे का आयोजन किया गया। थीम के अनुसार आयोजन के दौरान जेनेरिक दवाओं के बारे में जागरूकता, पेशेंट काउंसलिंग, नशीली दवाओं के उपयोग में कमी, वर्तमान अच्छे विनिर्माण प्रथाओं (सीजीएमपी) की भूमिका इत्यादि पर चर्चा की गई।

### बैंक ऑफ इंडिया की 8.10% ब्याज वाली सावधि जमा योजना का शुभारंभ

**रायपुर।** बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी विशेष 400 दिनों की खुदरा सावधि जमा योजना (3.00 करोड़ रुपये से कम की जमा राशियों के लिए) अत्यंत आकर्षक ब्याज दर पर सीमित अवधि के लिए इन त्योहारों पर उपहार स्वरूप लॉच किया है। इस विशेष 400 दिनों की सावधि जमा पर गैर-प्रतिदेय जमा (Non-callable- 1.00 करोड़ रुपये से अधिक की जमा राशियों के लिए) के अंतर्गत बैंक द्वारा 8.10% प्रति वर्ष की अत्यंत आकर्षक ब्याज दर सुपर वरिष्ठ नागरिकों के लिए, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7.95% और अन्य ग्राहकों के लिए 7.45% प्रदान की जा रही है। बैंक द्वारा कॉलेबल डिपॉजिट जिसमें समय से पूर्व निकासी का विकल्प मौजूद है के अंतर्गत, 7.95% प्रति वर्ष की आकर्षक ब्याज सुपर वरिष्ठ नागरिकों के लिए, 7.80% वरिष्ठ नागरिकों के लिए और 7.30% अन्य ग्राहकों के लिए प्रदान कर रहा है। यह विशेष 400 दिनों की सावधि जमा राशि, भारतीय नागरिकों, एनआरई और एनआरओ जमाकर्ताओं के लिए घरेलू रुपये में 3.00 करोड़ रुपये से कम की जमा राशियों पर उपलब्ध है। यह योजना 27 सितंबर से सभी शाखाओं में उपलब्ध है और डिजिटल चैनलों (बीओआई ओमनी नियो ऐप/ इंटरनेट बैंकिंग) के माध्यम से भी इसका लाभ उठाया जा सकता है।

## पेज 11 के शेष

### किताब पर फिर...

आशंका है। कहा जा रहा है कि ओपन स्कूल के लिए पंजीकृत छात्र संख्या में से कई गुना अधिक किताबें छापी गईं। यही नहीं ओपन स्कूल की परीक्षा में बैठने वाले छात्रों को भी बड़ी संख्या में किताबें नहीं मिल पाई हैं।

पुस्तकें किसकी, यह स्पष्ट नहीं जांच के बीच एक अन्य मामला अभनपुर विकास खंड के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल से सामने आया है। यहां बच्चों को किताबें बांटने के बजाय गोदाम में रख दिया गया है। विधायक विकास उपाध्याय ने यहां छापेमारी करते हुए इसकी शिकायत की है। उन्होंने कहा, बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। बाद में इन्हीं किताबों को रद्दी में कौड़ियों के दाम पर बेच दिया जाएगा। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि स्कूल में इतनी बड़ी संख्या में किताबें डंप कैसे है?

### मास्टरप्लान के नक्शे...

को आवासीय क्षेत्र दर्शा दिया गया था, तो किसी बस्ती की जगह तालाब दर्शा दिया गया। इस तरह की गड़बड़ियां मिलने पर शासन ने जिस कमेटी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी थी, उनमें तालाबों की जांच का बिन्दु भी शामिल किया है। कमेटी की जांच में मास्टर प्लान के नए नक्शे में शहर के 12 तालाबों को ही गायब कर दिया गया है। इन तालाबों की जगह कहीं बस्ती, तो कहीं आवासीय क्षेत्र दर्शाया गया है।

### मरीन ड्राइव में...

कराने की शिकायत मिली थी। इस शिकायत के आधार पर जिला प्रशासन के निर्देश पर तेलीबांधा क्षेत्र में बाल भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों का रेस्क्यू कराने एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बाल श्रम कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए संयुक्त टीम निरीक्षण पर निकली थी। इस टीम में महिला बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, तहसील कार्यालय एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे। टीम के साथ बचपन बचाव आंदोलन के पदाधिकारी भी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान टीम को मरीन ड्राइव मार्ग पर 3 नाबालिग लड़के भीख मांगते मिले। इन तीनों को रेस्क्यू किया है।

**संचालक पर दर्ज होगा बालश्रम एक्ट के तहत अपराधः** नाबालिग लड़कों से श्रम कराने के मामले में रेस्टोरेंट के संचालक के विरुद्ध बाल श्रम अधिनियम आईपीसी की धारा 370, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 की धारा 79 किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) नियम 2016 तथा संशोधित 2022 के नियम 57 (क) तथा बालक एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2016 की धारा 3, 3(क) में निहित प्रावधान के तहत अपराध दर्ज किया जाएगा। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने तेलीबांधा थाना प्रभारी को पत्र भी भेजा है।

आश्रय गृह भेजा

रेस्क्यू किए गए सभी नाबालिग बालकों को बाल कल्याण समिति के संज्ञान में लाने के बाद खुला आश्रय बालक गृह भेजा गया है, जहां उन्हें देखरेख में खान-पान, शिक्षा, चिकित्सा, मनोरंजन सुविधा के अलावा काउंसिलिंग एवं जीवन कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### एनआईटी डायरेक्टर सहित तीन...

डॉ. एमके वर्मा का कार्यकाल 4 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है। डॉ.वर्मा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह और भूपेश बघेल दोनों के ही कार्यकाल में कुलपति रहे हैं। नए कुलपति नियुक्ति की प्रक्रिया को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। जांच के लिए समिति को 30 दिनों का समय दिया गया है। अर्थात कुलपति का कार्यकाल समाप्त होने के बाद ही रिपोर्ट आएगी। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, डॉ.एमके वर्मा तीसरी बार भी कुलपति बनने प्रयासरत हैं। कई अन्य नाम भी हैं, जो इस पद के लिए अभी से लॉबिंग कर रहे हैं।

**आमसूचना**

**(ग्राम कुर्रा प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. पिपरौद तहसील नवापारा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 960 रकबा 7.68 हे. (भूमिस्वामीगण संजय कुमार पिता रामरसाल रीता बाई पिता रामरसाल) एवं खसरा नंबर 955 रकबा 8.30 हे. (भूमिस्वामी राधेश्याम पिता भुवनलाल) भूमि के संबंध में**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामीगण क्रमशः (1) संजय कुमार पिता रामरसाल (2) रीता बाई पिता रामरसाल निवासी ग्राम कुर्रा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. के संयुक्त हक, हित, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो कि ग्राम कुर्रा प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. पिपरौद तहसील नवापारा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 960 रकबा 7.68 हे. एवं खसरा नंबर 955 रकबा 8.30 हे. (भूमिस्वामी राधेश्याम पिता भुवनलाल) है को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर विक्रय इकरारनामा का निष्पादन कर लिया गया है। मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय संस्था, अर्द्धशासकीय शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि/संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी उजर दावा या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें । बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शुन्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि अदा कर अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

**सो सूचना जाने।**

रायपुर छ.ग.
दिनांक 25.09.2024

**आशीष तिवारी (अधिवक्ता)**
**पता साहू किराना स्टोर्स के सामने**
**रावतपुरा कॉलोनी फेस-1 मठपुरैना रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9827981229,8319582060**

# शौकिया दोपहिया वाहन चोर गिरफ्तार, यू-ट्यूब से सीखा चोरी करने का तरीका




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक शौकिया वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चोरी के एक दर्जन दोपहिया वाहन जब्त किए हैं। दोपहिया वाहन चोरी के आरोप में पकड़ा गया चोर चोरी के दोपहिया को बेचने की जगह पेट्रोल समाप्त होने तक घूमता और पेट्रोल समाप्त हो जाने की स्थिति में वह दोपहिया को वहीं छोड़कर भाग जाता था। पुलिस के अनुसार दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में तिल्दा निवासी कैलाश नौरंगे को गिरफ्तार किया गया है। कैलाश पूर्व में भी दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में जेल जा चुका है। पुलिस के अनुसार कैलाश रायपुर के साथ अन्य जिलों में भी दोपहिया वाहन चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है। कैलाश ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि वह रायपुर जिला के अलावा कोरबा, बिलासपुर सहित कई अन्य जिलों में दोपहिया वाहन चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है।

### हैंडल लॉक को छोड़ अन्य दोपहिया चोरी करता था

पुलिस के अनुसार कैलाश ने यू-ट्यूब से वाहन चोरी करना सीखा है। जिन दोपहिया वाहन में हैंडल लॉक लगा होता था, कैलाश उन दोपहिया वाहनों की चोरी नहीं करता था। पुलिस के अनुसार हैंडल लॉक तोड़ नहीं पाने की वजह से कैलाश उन वाहनों को चोरी नहीं करता था। कैलाश बड़ी ही सफाई से ब्लेड से दोपहिया वाहन का केबल काट चोरी कर ले जाता था।

### लावारिस हालत में मिले ज्यादातर दोपहिया

*पुलिस ने चोरी की जो दोपहिया जब्त की है, उनमें से ज्यादातर दोपहिया लावारिस हालत में रोड किनारे पुलिस को मिली थीं, जिसे पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से थानों में खड़ी कर दिया था। थानों में जो दोपहिया मिली, उनमें से ज्यादातर दोपहिया को अलग-अलग ढाबा संचालकों ने पुलिस के पास जमा किया था। पुलिस के अनुसार कैलाश किसी ढाबा में खाना खाने जाता था, वहां पैसा नहीं होने का झांसा देकर गिरवी के तौर पर दोपहिया छोड़कर भाग जाता था।*

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### विधायक साहू ने दो परिवारों को दी सहायता राशि

**रायपुर**। रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के माना मण्डल, बीएसयूपी कॉलोनी अमलीडीह निवासी नेहा बाई दीप के पुत्र विवेक दीप एवं विनीता राउत के पुत्र तेजस राउत की 17 सितंबर को अपना गार्डन तालाब अमलीडीह में डूबने से मौत हो गई थी। विधायक मोतीलाल साहू के प्रयास से राज्य सरकार द्वारा जिला प्रशासन के माध्यम से दोनों मृतक बच्चों के परिवारों को सहायता राशि के रूप में चार-चार लाख रुपए का चेक विधायक श्री साहू के हाथों से प्रदान किया गया।

### महाराष्ट्र मंडल ने कॉलेज में किया पौधारोपण



**रायपुर**। शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय (जीईसी) सेजबहार में बुधवार को महाराष्ट्र मंडल की पर्यावरण समिति ने बड़े पैमाने पर छायादार और फलदार पौधे रोपे। इस मौके पर कॉलेज परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) से जुड़े 300 स्वयंसेवकों का सहयोग उल्लेखनीय रहा। इसी दौरान पर्यावरण समिति के विशेष सलाहकार जेएस उरकुरकर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ और बेहतर जीवन जीने के लिए आपके आसपास 33 प्रतिशत जंगल होने बहुत जरूरी हैं।

### 200 लोगों ने एक साथ योग निद्रा का लिया लाभ

**रायपुर**। ऋषि चैतन्य ट्रस्ट द्वारा राजधानी रायपुर स्थित मुहूर्त रिजॉर्ट



रिंगरोड नंबर 3 में विगत दिनों योगनिद्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 200 लोगों ने एक साथ योगनिद्रा का लाभ लिया और लोगों को जीवन में रूपांतरण का रहस्य इस योगनिद्रा कार्यक्रम के माध्यम से सिखाया गया। कार्यक्रम आनंदमूर्ति गुरुमां के मार्ग निर्देशन में किया गया। योगनिद्रा के कई लाभ हैं, जिनमें हाई बीपी पर नियंत्रण, कोलेस्ट्रॉल कम करना, अनिद्रा, तनाव, और हृदयरोग दूर करना शामिल हैं। यह विधि स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए भी वरदान है।

### तेली इंजीनियर्स वेलफेयर एसो. का सम्मान समारोह



**रायपुर**। तेली इंजीनियर्स वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा वृंदावन हॉल कबीर चौक काली मंदिर में विगत दिनों सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तेली इंजीनियर्स समिति अध्यक्ष इंजी. रामनाथ साहू, कार्यकारी अध्यक्ष राम साहू, महासचिव टीकाराम साहू, कोषाध्यक्ष राधेश्याम साहू. उपकोषाध्यक्ष मनीष साहू ने सभी अतिथियों का प्रतीक चिन्ह और काली हल्दी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

# जोन अध्यक्ष के विरोध के बाद सामान्य सभा की तारीख बदली, अब 4 को होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कांग्रेस पार्षद दल की बैठक में जोन अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा ने जताया था विरोध
- नवरात्रि के पहले दिन सभा रखने पर नाराजगी का असर

रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक अब 3 अक्टूबर की जगह 4 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे गांधी सदन के सामान्य सभागार में होगी। गत दिनों महापौर एजाज ढेबर द्वारा सामान्य सभा की तैयारी को लेकर कांग्रेस पार्षद दल की बैठक बुलाई गई।

इसमें लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड पार्षद व जोन 10 अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा ने महापौर के सामने नवरात्रि के पहले ही दिन निगम की सामान्य सभा आयोजित करने पर नाराजगी जताते हुए इसकी तिथि में बदलाव की मांग की। उनकी इस बात का बैठक में मौजूद कांग्रेसी पार्षदों ने समर्थन कर सामान्य सभा की बैठक की तिथि में परिवर्तन पर जोर दिया। विदित हो, नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर ने भी नवरात्रि के पहले ही दिन सामान्य सभा की बैठक रखने पर आपत्ति जताई थी। इन सबके कारण महापौर और सभापति ने आपस में चर्चा कर 4 तारीख को सामान्य सभा आयोजित करने निर्णय लिया। शहरी सरकार के इस कार्यकाल की अंतिम सामान्य सभा 4 अक्टूबर को सामान्य सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित होगी।

सभापति प्रमोद दुबे के आदेश अनुसार नगर निगम सचिवालय द्वारा अब संशोधन अनुसार 4 अक्टूबर को सामान्य सभा की बैठक रखी गई है। बैठक की शुरूआत में 1 घंटे का समय प्रश्नकाल के लिए रखा गया है। इसमें पार्षदों द्वारा पूछे गये जनहित के विषयों को शामिल किया जाएगा। इसके बाद नियम अनुसार निर्धारित एजेंडों पर विषयवार चर्चा होगी। नगर निगम के अपर आयुक्त और निगम सचिव विनोद पांडे इस बात की जानकारी दी।

### प्रश्नकाल में इन पार्षदों ने लगाए सवाल




*0 डॉ. प्रमोद कुमार साहू, पार्षद महात्मा गांधी वार्ड*
प्रश्न 1 शहर में यूनीपोल लगाने के नियम व मापदंड को लेकर अनेक आपत्तियां लगी, संबंधित एजेंसी पर कई आरोप लगाय गये। इसके बाद पूरे मामले की जांच करने का निर्णय हुआ। जांच में क्या पाया गया, पूरी रिपोर्ट बताने का कष्ट करें?
प्रश्न 2 वित्तीय वर्ष 2022 -23 और 2023-24 में निगम क्षेत्र में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा विभिन्न उद्यानों में सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है। किन-किन उद्यानों के लिए कितनी राशि का कार्य किया गया, कार्य की स्थिति क्रमवार बतायें ?

*0 मीनल चौबे, नेता प्रतिपक्ष*
प्रश्न 1 निगम मुख्यालय के सामने स्थित उद्यान में दोनों ओर कितनी भूमि व्यवसायिक उपयोग के लिए दी गई है, किन शर्तो पर दी गई है ? भूमि विकास अधिनियम के तहत कितने प्रतिशत तक जमीन छोड़ने का नियम है, उसकी उपयोगिता किन-किन प्रयोजनों के लिए किया जा सकता है स्पष्ट करें ?
प्रश्न 2 नगर निगम की विज्ञापन होर्डिंग नीति क्या है और कौन-कौन सी है ? निजी घरों और दुकानों में इसके लगाने के मापदंड और शर्त क्या हैं, वर्तमान परिषद के कार्यकाल में विज्ञापन से नगर निगम को कितनी आमदनी हुई है और उसे किन कार्यों में खर्च किया गया ?

*0 भोलाराम साहू पार्षद, संतराम दास वार्ड*
प्रश्न 1 कबीर चौक रामनगर से दिशा कालेज तक भूमिगत नाला निर्माण कब तक चालू होगा, पिछले 2 बार के सामान्य सभा में प्रश्न लगाया पर मगर अब तक उस कार्य को प्राथमिकता नहीं दी गई क्यों?
प्रश्न 2 कबीर चौक के निर्माण में चार कालम व चबूतरा निर्माण कर रंगरोगन किया गया है, इसकी लागत 50 लाख बताई जा रही है, निर्माण कार्य की जांच कराकर पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायें ?

# जियो ट्रैकिंग डिवाइस ने गिद्ध का पता बताया, घायल वल्चर को उड़ान भरने किया आजाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- महाराष्ट्र से उड़ान भरी, निर्जलीकरण की वजह से महासमुंद में बेसुध होकर गिरा था

बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (बीएनएचएस), ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व द्वारा भारत में संकटग्रस्त वाईट रुम्पड गिद्ध की गतिविधियों को ट्रैक करने 10 गिद्धों में जियो ट्रैकिंग डिवाइस लगाया गया। उसी जियो ट्रैकिंग डिवाइस की मदद से वन विभाग ने एक घायल गिद्ध को रेस्क्यू कर उपचार करने के एक माह बाद वापस गुरुवार को प्राकृतिक रहवास में छोड़ा है। छोड़े गए रेस्क्यू गिद्ध का वजन पौने पांच किलो के करीब है।

गौरतलब है कि वाईट रुम्पड गिद्ध की गतिविधियों पर नजर रखने बीएनएचएस तथा ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व द्वारा अभियान शुरू किया गया है। इसी कड़ी में पिंजौर से 13 अगस्त को 10 गिद्धों में जियो टैग लगाकर छोड़ा गया। छोड़े गए गिद्धों में एक गिद्ध महाराष्ट्र, चंद्रपुर से उड़ान भरकर पांच सौ किलोमीटर की दूरी तय करते हुए इंद्रावती टाइगर रिजर्व होते हुए महासमुंद के जंगल में पहुंचा।

### गतिविधि शून्य होने पर तलाश

गिद्धों की गतिविधि पर निगरानी रखने लगाए गए जियो ट्रैकिंग डिवाइस में एक गिद्ध की गतिविधि पांच सौ किलोमीटर उड़ान भरने के बाद शून्य पर आ गई। इसके बाद निगरानी दल ने गिद्ध की खोजबीन शुरू की, तब उन्हें गिद्ध का लोकेशन महासमुंद, बागबहरा रेंज के जंगल में मिला। गिद्ध को वन अफसरों ने 26 अगस्त को ट्रैक कर पशु चिकित्सक की मदद से जंगल सफारी लेकर आए। रेस्क्यू गिद्ध पानी की कमी तथा थकान की वजह से आगे की उड़ान नहीं भर पाया। जंगल सफारी में उपचार के बाद गिद्ध को वापस उसके प्राकृतिक रहवास क्षेत्र में छोड़ा गया।

## मुख्यमंत्री के दौरे पर होने के कारण कौशल्या देवी साय ने की मेजबानी

# नई दिल्ली से लौटे माओवादी हिंसा पीड़ित, मुख्यमंत्री निवास में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में गुरुवार को दिल्ली से लौटे माओवादी हिंसा से पीड़ति बस्तर के लगभग 55 नागरिकों को आमंत्रित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मौसम खराब होने के कारण उड़ान बाधित होने से कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। उनकी अनुपस्थिति में उनकी धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय ने माओवादी हिंसा पीड़ित बस्तरवासियों का स्वागत किया।

कौशल्या देवी साय ने नक्सल पीड़ितों को मुख्यमंत्री का संदेश देते हुए कहा, आप सभी बस्तर के नागरिकों का साहस प्रशंसनीय है। आपके साहस, कठिन परिश्रम और प्रयासों के कारण ही बस्तर में शांति लौटी है। आपने माओवादी आतंक को अपनी आंखों से देखा, जिया और झेला है। आपने बड़े साहस के साथ इस त्रासदी का सामना किया है। उन्होंने सभी अतिथियों को उपहार स्वरूप एक बैग, ट्रैक सूट भेंट किया। उन्होंने इस दौरान यह भी पूछा कि दिल्ली यात्रा के अनुभव कैसा रहा, जिस पर सभी ने एक स्वर में कहा, यह यात्रा बहुत अच्छी रही और कई ग्रामीणों ने पहली बार हवाई जहाज में यात्रा का अनुभव भी साझा किया।




### यात्रा का उद्देश्य-नक्सल समर्थक समूहों द्वारा फैलाए झूठ का खुलासा करना

गौरतलब है कि माओवादी हिंसा से पीड़ति ये नागरिक हाल ही में दिल्ली के जंतर मंतर और जेएनयू में आंदोलन करने के साथ-साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर नक्सलियों के कृत्यों से हुई परेशानियों को साझा कर चुके हैं। इनकी दिल्ली यात्रा का मुख्य उद्देश्य नक्सल समर्थक समूहों द्वारा फैलाए झूठ का खुलासा करना, हिंसा से प्रभावित लोगों की आवाज को दिल्ली तक पहुंचाना था। इस अवसर पर विधायक ईश्वर साहू और बस्तर शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

- सभी अतिथियों को उपहार स्वरूप एक बैग, ट्रैक सूट भेंट किया
- ग्रामीणों ने पहली बार हवाई जहाज में यात्रा का अनुभव भी साझा किया

### पूरे देश ने जाना माओवादी हिंसा का दर्द : शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार के प्रयास से बस्तर में विकास कार्यों को गति मिली है। आपने दिल्ली जाकर बस्तर की व्यथा को केंद्र सरकार और पूरे देश के सामने रखा, जो आज तक किसी ने नहीं किया था। माओवादी हिंसा का दर्द अब पूरे देश ने जाना है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दृढ़ संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा, बस्तर से नक्सलवाद का समूल नाश करना है। आपने नक्सलियों की गोलियों और आईईडी के खतरे के बीच अपने साहस का परिचय दिया। बंदूक और हिंसा से विकास संभव नहीं है। अब समय आ गया है कि बस्तर शांति और विकास की दिशा में आगे बढ़े।

# फिंगर प्रिंट से बचने चोर ने हाथ को प्लास्टिक से बांधा, दुकान के गल्ले से ले उड़ा साढ़े तीन लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद, पुराने नौकरों पर आशंका
- आजाद चौक थाना क्षेत्र में तड़के चार बजे की घटना

आजाद चौक थाना क्षेत्र के लाखेनगर चौक पर संचालित एक कपड़े की दुकान में अज्ञात चोर ने छत के रास्ते अंदर प्रवेश कर नकदी साढ़े तीन लाख रुपए पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी कैमरे में दिख रहा चोर दराज में फिंगर प्रिंट न आए, इसके लिए उसने डस्टबिन में पड़े एक प्लास्टिक के कैरी बैग को अपने हाथ में लपेट लिया, इसके बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया। लक्ष्मी कलेक्शन के संचालक प्रदीप पृथवानी के मुताबिक उनकी लाखेनगर चौक के पास लक्ष्मी कलेक्शन नाम से कपड़े की दुकान है। गुरुवार सुबह प्रदीप ने दुकान खोली, तो उसने देखा काउंटर में दराज का ताला टूटा हुआ है। छत में लगा दरवाजा टूटा हुआ है। पृथ्वी के अनुसार दराज में कैश साढ़े तीन लाख रुपए रखा था, जिसे चोर ने चोरी कर लिया। घटना की दुकान संचालक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दुकान संचालक ने अपने किसी पुराने कर्मचारी पर दुकान में चोरी करने की आशंका जताई है।

### एक महीने के भीतर तीन दुकान के ताले टूटे

लाखेनगर पुरानी बस्ती थाने से सटा हुआ है। इस मार्ग पर कई दुकानें संचालित हो रही हैं। स्थानीय कारोबारियों के मुताबिक लाखेनगर चौक स्थित अन्य दो कपड़े की दुकान में चोरी की घटनाएं एक माह के अंदर हुई हैं। पुलिस उन चोरी की घटनाओं के आरोपियों के बारे में अब तक कोई सुराग नही ढूंढ पाई है। स्थानीय रहवासियों ने आरोप लगाया है कि आजाद चौक तथा पुरानी बस्ती थाना से सटे होने के बाद भी उन्हें किसी तरह से राहत नहीं मिल रही।

# बोरियाखुर्द कांदुल मार्ग पर सरकारी जमीन से हटाया अवैध कब्जा

- तहसीलदार और नगर निवेश जोन 10 की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- रहवासियों ने तोड़फोड़ में पक्षपात करने का लगाया आरोप

नगर निगम जोन 10 क्षेत्र स्थित कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड के बोरियाखुर्द कांदुल मार्ग पर सरकारी जमीन पर किये जा रहे अवैध निर्माण को निगम की टीम ने पुलिस बल और तहसीलदार की मौजूदगी में तोड़ गिराया। श्रीराम मैरिज के सामने नगर निगम से बिना अनुमति लिए नहर नाली की जमीन पर अवैध निर्माण करने की शिकायत पर निगम अमले ने कार्रवाई की।

कांदुल मार्ग पर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण करने वालों के खिलाफ गुरुवार को तोडूदस्ते ने तोड़फोड़ की कार्रवाई की। सरकारी जमीन पर निगम की अनुमति बिना अवैध निर्माण को लेकर मिल रही शिकायत के आधार पर तहसीलदार के प्रतिवेदन पर यह एक्शन लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक सरकारी प्रतिवेदन में 17 लोगों का नाम अवैध निर्माण के तोड़फोड़ के लिए दर्ज था, पर राजनीतिक पहुंच के कारण निगम की टीम ने केवल 3 लोगों के कच्चे निर्माण को जेसीबी मशीन से तोड़ गिराया। बाकी के द्वारा बिना अनुमति कराये गये अवैध निर्माण को वैसे ही छोड़ दिया गया है। इस बात को लेकर रहवासियों में खासी नाराजगी है। उनका ये भी कहना है कि एक अरसे से वे कांदुल रोड किनारे रह रहे थे। बिजली का बिल और टैक्स का भुगतान करने के बाद भी उनके द्वारा किये गये निर्माण को द्वेषवश तोड़ा गया है। तोड़फोड़ के दौरान पुलिस प्रशासन की टीम, जोन 10 कमिश्नर राकेश शर्मा सहित नगर निवेश जोन 10 की टीम मौजूद रही।

# शहरवासियों को शाम के समय नहीं मिला पानी, 45 टंकियों में जलभराव बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- फिल्टर प्लांट फीडर में विद्युत सुधार का कार्य
- सुबह के समय स्टोर किये पानी से चलाया काम

शहर में गुरुवार शाम लोगों को नगर निगम के नलों से पानी नहीं मिला। फिल्टर प्लांट के फीडर में विद्युत सुधार कार्य के कारण नगर निगम की नई व पुरानी 45 टंकियों में जलभराव नहीं होने से टंकियां सूखी रहीं। हालांकि लोगों ने सुबह के समय ही अपनी जरूरत के हिसाब से शाम के समय के लिए पानी सुरक्षित रख लिया था। फिल्टर प्लांट के कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव ने बताया कि शाम 5 बजे 45 पानी टंकियों को भरने के साथ ही शुक्रवार सुबह नियमित जल आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

दरअसल, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 33 केवी लाइन विस्तार और आवश्यक सुधार कार्य के लिए गुरुवार को फिल्टर प्लांट फीडर में केव्ही इंटेकवेल आउटगोइंग और 11 केवी फिल्टर प्लांट फीडर में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रही। इसके कारण 47.5 एमएलडी प्लांट, 80 एमएलडी के नए और पुराने प्लांट सहित 150 एमएलडी क्षमता से भरी जाने वाली सभी टंकियों में सुबह की नियमित जल आपूर्ति के बाद शाम के समय जल आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित रही।

विद्युत सुधार का काम पूरा होने के बाद फिल्टर प्लांट के संबंधित प्लांट से 45 पानी टंकियों को भरने का कार्य किया गया। जल विभाग के अधिकारियों का कहना है, शुक्रवार की सुबह लोगों को नलों से नियमित रूप से पानी मिलने लगेगा।

# आज से कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा, गिरौदपुरी से होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था, महिला अत्याचार के विरोध में यात्रा
- राज्य में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध प्रदेश में रोज हो रही दुराचार, सामूहिक दुराचार की घटनाओं के विरोध में

बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी से राजधानी रायपुर तक 130 किमी की पदयात्रा शुक्रवार से शुरू होगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज 6 दिवसीय पदयात्रा की शुरुआत शुक्रवार से करेंगे। यह यात्रा गिरौदपुरी से चलकर 6वें दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन 2 अक्टूबर को गांधी मैदान रायपुर में समाप्त होगी, जहां विशाल आमसभा होगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गिरौदपुरी धाम से प्रार्थना एवं पूजा पाठ करके यात्रा की शुरुआत करेंगे। यात्रा मार्ग में प्रतिदिन जन सामान्य एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से भेंट मुलाकात भी करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, हमारी यात्रा का उद्देश्य आम आदमी की सुरक्षा की चिंता है। रोज हो रही हत्या, लूट, चाकूबाजी, डकैती की घटनाओं से आम आदमी में भय पैदा हो गया है। प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रतिरोध। राज्य में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध प्रदेश में रोज हो रही दुराचार, सामूहिक दुराचार की घटनाओं के विरोध में। गिरौदपुरी के अमर गुफा में जैतखाम के साथ हुये तोड़-




फोड़ के विरोध बलौदाबाजार मामले में निर्दोषों की गिरफ्तारी का विरोध तथा कांग्रेस नेताओं और सतनामी समाज के लोगों की रिहाई।

कवर्धा के लोहारीडीह में साहू समाज के 3 बेटों की हत्या, प्रशांत साहू की पुलिसिया प्रताड़ना में हुई मौत की न्यायिक जांच हाईकोर्ट के वर्तमान जज की निगरानी में तथा दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किये जाने की मांग हमारा प्रमुख उद्देश्य है।

### प्रभारी सचिव सहित रहेंगे कई नेता मौजूद

छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिव एसए संपत कुमार, ज़रिता और सहसचिव विजय जांगिड़ की मौजूदगी में गिरौदपुरी धाम में पूजा अर्चना के बाद पदयात्रा शुरू होगी। इस दौरान उस क्षेत्र के कई कांग्रेसी विधायक भी मौजूद रहेंगे।

# पौधारोपण में नुकसान की भरपाई डीएफओ को छोड़ शेष अफसरों से, भड़के कर्मचारी

**रायपुर**। शासन स्तर पर हर वर्ष वन विभाग द्वारा पौधारोपण किया जाता है। वन विभाग ज्यादातर अपनी भूमि में पौधारोपण का कार्य करता है। शासन द्वारा रहवासी क्षेत्र में जगह उपलब्ध कराने पर वन विभाग पौधारोपण करता है। पौधों की उचित देखभाल नहीं होने की स्थिति में वन अफसर के साथ कर्मियों से वसूली करने का प्रावधान शासन ने किया है। इसमें डीएफओ से लेकर परिसर सहायक तक की जिम्मेदारी तय की गई है। राज्य वन सेवा संघ ने आरोप लगाया है कि वन मुख्यालय ने शासन के निर्देश की अनदेखी करते हुए डीएफओ को नुकसान की भरपाई से मुक्त कर दिया है। नुकसान की भरपाई का सारा दोष राज्य वन सेवा कर्मचारियों पर थोप दिया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# अब डिस्पेंसरी मजदूरों को सीधे विशेषज्ञ हॉस्पिटल में कर सकेंगे रेफर

- ईएसआईसी अस्पतालों में सुविधा बढ़ाने, चार स्थानों में नए औषधालय प्रारंभ करने पर जोर
- कर्मचारी राज्य बीमा निगम की क्षेत्रीय परिषद की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कर्मचारी राज्य बीमा निगम की क्षेत्रीय परिषद की बैठक में प्रदेश के श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसी व्यवस्था बनाएं जिसमें श्रमिक और उनके परिवारजनों को डिस्पेंसरी से सीधे विशेषज्ञ हॉस्पिटल में रेफर कर सकें। वर्तमान में गंभीर बीमारी से ग्रस्त और इमरजेंसी में मरीजों को पहले ईएसआईसी की डिसपेंसरी फिर मुख्य अस्पताल से अनुबंधित अस्पताल रेफर करवाना पड़ता है। जटिल प्रक्रिया की वजह से श्रमिक परिवारों को काफी परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए उन्होंने कहा, ईएसआईसी जब तक अपने अस्पतालों में सुविधा नहीं बढ़ाती, तब तक मरीजों को अन्य अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराएं। कैबिनेट मंत्री ने प्रदेश के राइस मिल, मॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, निजी स्कूल समेत अन्य संस्थान का सर्वे कर ज्यादा से ज्यादा कर्मियों को ईएसआईसी में पंजीकृत करने के निर्देश दिए।



*चार जिलों में खुलेंगी ब्रांच : अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के चार और जिलों में शाखा कार्यालय जल्द ही खोला जाना है। इनमें सरगुजा, सूरजपुर एवं दंतेवाड़ा में शाखा खोलने हेतु बीएसएनएल से किराये पर भवन ले लिया गया है। जिसका संचालन जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही जशपुर में भी शाखा कार्यालय खोलने हेतु भवन किराये पर लेने बीएसएनएल पत्राचार किया जा रहा है। औषधालय उरला एवं तिल्दा में औषधालय निर्माण के लिए भूमि आबंटन हेतु कलेक्टर कार्यालय रायपुर द्वारा बताया गया कि उरला में उपलब्ध सभी खाली भूमि छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) को सौंप दी गई है।*

### इन स्थानों पर अस्पताल बनेंगे

उन्होंने कहा, इएसआईसी अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करने हेतु रीजनल बोर्ड के सदस्यों को ईएसआई स्थानीय चिकित्सक द्वारा आमंत्रित करें। उन्होंने बिलासपुर जिले हेतु 100 बेड अस्पताल के निर्माण के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल हेतु राज्य शासन के द्वारा भूमि के दिए गए विकल्पों का समिति के द्वारा परीक्षण कर मुख्यालय भेजा गया है। बस्तर जिले हेतु औषधालय कार्यालय (डीसीबीओ) का अनुमोदन किया गया। किन्तु अभी तक उपयुक्त भवन उपलब्ध नही हो पाया है। मंत्री ने भारत संचार निगम एवं भारतीय जीवन बीमा निगम को भवन की उपलब्धता हेतु इन संस्थाओं से सम्पर्क करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि राज्य शासन के द्वारा ग्राम कुरूंदी औषधालय सह कार्यालय (डीसीबीओ) के निर्माण हेतु जमीन चिन्हित की गई है। निगम के द्वारा राज्य शासन से आबंटन यथाशीघ्र कराने के संबंध में प्रस्ताव भेजने पर सहमती व्यक्त की गई।



04



चाहिए नेचुरल लुक तो फाउंडेशन ...

सिटी लाइव

## 2046 को स्वर्णप्राशन, इम्युनिटी बढ़ाने 560 को बाल रक्षा किट



**रायपुर।** बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्तिवर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में गुरुवार को 2046 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में आयुष विभाग की संचालक इफ्फत आरा, प्राचार्य प्रो.जीआर चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह काफी लाभदायक है। स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राओं ने भी अपना योगदान दिया।

### पांच दवाइयों से बना है बाल रक्षा किट

विभिन्न रोगों से रोकथाम और इम्युनिटी बढ़ाने 560 बच्चों को पांच दवाइयों से बने बाल रक्षा किट का भी वितरण किया गया। स्वर्णप्राशन के साथ ही चिकित्सकों ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया। गौरतलब है कि आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 25 जनवरी को 1235, 21 फरवरी को 1420, 18 मार्च को 1720, 16 अप्रैल को 1410, 13 मई को 1256, 10 जून को 1802, 8 जुलाई को 1342, 3 अगस्त को 1370 और 30 अगस्त को 1660 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था।

जॉब अलर्ट

## विधि विभाग में 362 पदों पर भर्ती जज के 57 व स्टेनोग्राफर के 46 पद

**रायपुर।** स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, नगर सैनिकों सहित अन्य विभागों में रिक्त पदों की भर्ती के लिए वित्त विभाग द्वारा स्वीकृति दिए जाने के बाद अब विधि विभाग में भी 362 पदों पर नियुक्ति की तैयारी है। वित्त विभाग ने न्यायालयों में रिक्त पदों पर नई भर्ती की मंजूरी दे दी है। न्यायालयों में 362 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों की कमी को दूर कर न्यायपालिका के कार्यों को सुचारू बनाना है। विधि विधायी विभाग द्वारा रिक्त पदों की पूर्ति के लिए वित्त विभाग को प्रस्ताव प्रेषित किया गया था। विधि एवं विधायी विभाग के इस प्रस्ताव पर वित्त विभाग ने तत्काल स्वीकृति प्रदान की है।

**इन विभागों में भी होनी है भर्ती :** राज्य में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी 321 पदों पर बीते छह महीने से लंबित भर्ती की प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है। व्यापम द्वारा ली गई ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन आगामी 30 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक पूरा करने के बाद नियुक्ति की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न संवर्ग के रिक्त 650 पदों, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने 181 पदों, ग्रामीण आजीविका मिशन में 237 पदों पर भर्ती के लिए वित्त विभाग द्वारा स्वीकृति ली जा चुकी है। बिलासपुर में 465 नगर सैनिकों की भर्ती की प्रक्रिया जारी है।

### चौकीदार, गार्डनर स्वीपर के 83 पद

वित्त विभाग से मंजूरी मिलने के बाद न्यायालयों में व्यवहार न्यायाधीश के 57, स्टेनोग्राफर के 46, सहायक ग्रेड-3 के 118, स्टेनोटायपिस्ट के 7, वाहन चालक के 8, प्रोसेस सर्वर के 5 और चौकीदार, गार्डनर, स्वीपर, वाटरमेन के 83 एवं एक सहायक प्रोग्रामर के रिक्त पदों की पूर्ति का रास्ता खुल गया है। राज्य के न्यायालयों में रिक्त पदों की भर्ती होने से न केवल न्यायालयों में कार्य दक्षता बढ़ेगी, बल्कि न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी लाने में भी मदद मिलेगी। न्यायालयों में कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या होने से कामकाज का निष्पादन भी समय पर हो सकेगा।




### कनिष्ठ अभियंता के लिए दस्तावेज सत्यापन 5 को

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में कनिष्ठ अभियंता के पदों पर सीधी भर्ती के लिए दस्तावेजों का सत्यापन 5 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से कार्यालय मुख्य अभियंता, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड डंगनिया में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से मिली जानकरी के अनुसार, परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों बुलावा पत्र पॉवर कंपनी की वेबसाइट **cspc.co.in** पर शीघ्र अपलोड किया जाएगा। यदि किसी उम्मीदवार को बुलावा पत्र डाउनलोड करने में कोई तकनीकी कठिनाई हो तो वह दूरभाष क्रमांक 0771-2574157 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### प्रयोगशाला तकनीशियन के बाद मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा भी स्थगित

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक मंडल द्वारा 29 सितंबर रविवार को संचालनालय मछली पालन विभाग, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत मत्स्य निरीक्षक पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाना था, जिसे अपरिहार्य कारणवंश स्थगित कर दिया गया है। परीक्षा के लिए नवीन तिथि की घोषणा अभी नहीं की गई है। इसके पूर्व बुधवार को उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत होने वाली प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा भी स्थगित कर दी गई थी। अब यह परीक्षा 6 अक्टूबर को होगी। व्यापम के अनुसार, नवीन तिथि में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में अपरान्ह 2 से 4.15 बजे तक यह भर्ती परीक्षा होगी।

# पालकी में आएंगी माता, घटस्थापना तिथि पर दुर्लभ इंद्र योग, सुबह मिलेंगे मात्र 67 मिनट

3 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही नवरात्रि में इस बार कई शुभ संयोग निर्मित हो रहे हैं। गुरुवार से नवरात्रि प्रारंभ होने के कारण माता की सवारी इस बार पालकी रहेगी। गौरतलब है कि नवरात्रि के दौरान माता की सवारी वार के अनुसार तय होती है। अगर नवरात्रि की शुरुआत रविवार और सोमवार से होती है तो माता की सवारी हाथी होती है। मंगल और शनि के दिन नवरात्रि की शुरुआत हो रही हो तो माता की सवारी घोड़ा होता है। वहीं गुरु और शुक्रवार को अगर नवरात्रि की शुरुआत हो तो माता की सवारी डोली या पालकी होती है। साल 2024 में नवरात्रि की शुरुआत गुरुवार के दिन हो रही है, इसलिए माता की सवारी डोली होगी।



**रायपुर।** ज्योतिषियों की मानें तो शारदीय नवरात्र के पहले दिन यानी घटस्थापना तिथि पर दुर्लभ इंद्र योग का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही कई अन्य मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में जगत की देवी मां दुर्गा की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी। सनातन धर्म में शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व है। इस दौरान जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा और उनके नौ शक्ति रूपों की पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त नवरात्र का व्रत रखा जाता है। धार्मिक मत है कि जगत जननी मां दुर्गा की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही घर में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली आती है।

### निर्मित होगा शिववास योग

ज्योतिषियों की मानें तो शारदीय नवरात्र के पहले दिन यानी घटस्थापना के शुभ अवसर पर दुर्लभ इंद्र योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का समापन 4 अक्टूबर को सुबह 4 बजकर 24 मिनट पर होगा। इसके अलावा, आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर शिववास योग का निर्माण हो रहा है। इस दिन भगवान शिव कैलाश पर जगत की देवी मां गौरी के साथ विराजमान रहेंगे। इन योग में जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा की पूजा करने से सकल मनोरथ सिद्ध होंगे।

### अभिजीत मुहूर्त भी कम अवधि का

शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर घटस्थापना मुहूर्त 3 अक्टूबर को सुबह 6 बजकर 15 मिनट से लेकर सुबह 7 बजकर 22 मिनट तक है। वहीं, अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 46 मिनट से दोपहर 12 बजकर 33 मिनट तक है। इन दोनों शुभ योग समय में घटस्थापना कर सकते हैं।

### रात्रि 2.58 तक रहेगी प्रतिपदा तिथि

वैदिक पंचांग के अनुसार, शारदीय नवरात्र की शुरुआत 3 अक्टूबर से हो रही है। आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 2 अक्टूबर को मध्यरात्रि पश्चात 3 अक्टूबर रात 12 बजकर 18 मिनट से शुरू होगी और 4 अक्टूबर मध्यरात्रि पश्चात 5 अक्टूबर को देर रात 2 बजकर 58 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में सूर्योदय से तिथि की गणना की जाती है। अतः गुरुवार 3 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत होगी।

## कोलकाता, पुणे, बेंगलुरु के फूलों से महकेगा माता का दरबार



### 30 क्विंटल फूलों का कारोबार

नवरात्रि से फूलों का कारोबार एक बार फिर सजने वाला है। इसे देखते हुए फूल चौक के व्यापारियों ने नवरात्रि व दिवाली के लिए अभी से ऑर्डर बुक कराना प्रारंभ कर दिया है। इस नवरात्रि में पहले, पांचवें, आठवें दिन 30 क्विंटल से ज्यादा फूलों की खपत होने की आस जगी है। दिवाली में एक टन से ज्यादा फूलों की खपत के लिहाज से इस सीजन में बुकिंग की तैयारी है। कोलकाता, पुणे और बेंगलुरु से मंगाए जाने वाले फूलों की महक से फूल चौक का बाजार नवरात्रि के पहले दिन से ही गुलजार होगा। सामान्य दिनों की अपेक्षा नवरात्रि में कीमतों में अधिक अंतर नहीं आएगा।

**अपने फूल स्वयं ही बेचते हैं छोटे व्यापारी :** फूलों के थोक बिक्रेता विपिन साहू ने बताया कि शहर के आस-पास कई सब्जी बेचने वाले फूलों की क्यारियां सजाते हैं। इसे वे खुद ही बेचते हैं, इसलिए हम लोगों को दूसरे शहरों से ही फूलों की खेप आर्डर देकर मंगानी पड़ती है। एक-दो बड़े फूलों के उत्पादक हैं, वे भी बड़े आयोजनों में माल देते हैं। नवरात्रि में सामान्य दिनों की अपेक्षा ग्राहकी मिलती है, लेकिन पितर पक्ष में ग्राहकी सामान्य से भी कम होती है।

**दीपावली में एक टन फूलों की खरीदी :** इस बार व्यापारियों को 30 क्विंटल से ज्यादा फूलों के आर्डर फुटकर व्यापारियों से नवरात्रि के लिए मिले हैं। इसे देखते हुए व्यापारियों ने पुणे, कोलकाता और बेंगलुरु से स्टॉक मंगाने की तैयारी शुरू की है। व्यापारी युवराज साहू ने बताया कि पितर पक्ष में फूलों की डिमांड बहुत कम होती है। नवरात्रि में भी गणेश पक्ष की तरह ऑर्डर नहीं मिलते हैं। पहले दिन, पंचमी और अष्टमी को ही फूलों की खपत ज्यादा होती है। इस बार बाजार में करीब 30 क्विंटल से ज्यादा की डिमांड बाजार में रहेगी। दिवाली में एक टन से ज्यादा फूलों की खरीदी करनी होगी। फूलों को इस मौसम में कोल्ड स्टोर में रखवाने की जरूरत नहीं पड़ती है।

# ‘थैला लेकर बाजार जाएं लोग’, संदेश देने डाक विभाग ने बैरन बाजार डाकघर में बिठाया दर्जी

**रायपुर।** डाकघर में केवल पत्राचार के सामान व सुविधा ही नहीं मिलेगी, बल्कि घर से कपड़ा लेकर जाने पर दर्जी निःशुल्क थैला सिलकर देंगे। यह सुविधा डाक विभाग ने 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक के लिए बैरन बाजार डाकघर में शुरू की है। बाजार में लोग सामान लेने के लिए कपड़े का थैला लेकर जाएं और पॉलीथिन का चलन कम हो, यह संदेश देने विभाग ने अनूठी पहल की है। इस सेवा का शुभारंभ गुरुवार प्रवर अधीक्षक हरीश कुमार महावर ने किया। लोगों को सुविधा देने के लिए एक दर्जी को सिलाई मशीन देकर बैठाया गया है। जो घर से कपड़ा लेकर आने वाले लोगों को निःशुल्क थैला बनाकर देंगे।

## दो अक्टूबर तक मिलेगी सुविधा, दर्जी निःशुल्क बनाएंगे थैला



- प्रत्येक व्यक्ति सिलवा सकता है दो थैला
- स्वयं लाना होगा कपड़ा

### सुबह 10 से दोपहर 5 बजे तक आ सकते हैं लोग

उप अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि स्वच्छता से श्रेष्ठ सेवा को चरितार्थ करते हुए रायपुर डाक संभाग द्वारा प्लास्टिक की थैली की जगह कपड़े के थैले को बढ़ावा देने के लिए मुफ्त में कपड़े के थैले की सिलाई के लिए सुविधा देगा। कोई भी व्यक्ति पुराना कपड़ा लेकर मुफ्त में अधिकतम 2 थैला सिलवा सकता है। यह सुविधा सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बैरन बाजार डाकघर में मिलेगी। इसे गांधी जयंती तक इसलिए संचालित किया जाएगा, ताकि लोग स्वच्छता के लिए भी प्रेरित हो सकें।



## युवा संसद में जुटे स्कूली छात्र

**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय शहीद स्मारक उत्कृष्ट विद्यालय में दो दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का समापन गुरुवार किया गया। राजी मैथ्यूज के सहयोग से विकासखण्ड के नोडल अधिकारी जितेंद्र कन्नौजे, व्याख्याता सेजेस त्रिमूर्ति नरग एवं अनिल शर्मा व्याख्याता आडवानी अलिकन बीरगांव द्वारा प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। इस स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को संसदीय प्रक्रिया से अवगत कराना एवं नेतृत्व क्षमता के गुणों का विकास कर बना है। इस प्रतियोगिता में विखं के सभी हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के छात्रों ने युवा संसद का प्रदर्शन किया। प्रमुख रूप से शहीद स्मारक, बिरगांव, जेआर दानी, मांढर बस्ती, मांढर कॉलोनी, माधव राव सप्रे, शाउमावि फुण्डहर, गुमा, सेजेस तिलक नगर के प्रतिभागी सम्मिलित हुए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र का वितरण विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मायकल मिंज द्वारा प्रदर्शन के अंत में प्रदान किया गया। प्रतिभागी विद्यालय में से विद्यालय ने विकासखण्ड स्तरीय इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मांढर कॉलोनी, द्वितीय स्थान शहीद स्मारक स्कूल ने प्राप्त किया।

संस्कृति विभाग और संगीत अकादमी का संयुक्त आयोजन

# राग रजनी...बांसुरी की धुन पर तबला की मनमोहक जुगलबंदी बनारसी कलाकारों ने पेश की ‘राग बिहार’ संग पूर्वांचल ‘कजरी’

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग व गुरुकुल द म्यूजिक एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में ‘राग रजनी’ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को हुआ, जहां शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र बासुरी व तबला वादन सहित शास्त्रीय गायन व वायलिन रहा। रात 7 बजे चले इस कार्यक्रम का आयोजन सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में किया गया।

***मां शारदे वरदान दे...*** वंदन से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसे अकादमी के महिला समूह सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किया गया। 15 मिनट की प्रस्तुति में भूमिका गिजरे, डॉ.वर्षा वर्मा, कमला तिमसिना, गीता साहू, शुभदा गिजरे, बी.शरत शामिल रहे। आयोजन के दौरान ‘गुरुवर श्रेष्ठ सम्मान’ से संगीतज्ञ व गुरु पं. संजय गिजरे को सम्मानित किया गया। अकादमी के सचिव के.रोहन नायडू ने बताया, बीते 2015 से प्रत्येक वर्ष शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष पं.गिजरे को सम्मानित किया गया, जो बीते 60 वर्ष से शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में कार्यरत हैं।

### तालों का सुंदर समावेश

वाराणसी के कलाकार डॉ.शुभंकर द्वारा शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी गई। जिसमें वायलन व तबला संगत में डॉ. के.रोहन नायडू और अशोक कुर्म उपस्थित रहे। डॉ.शुभंकर ने बनारस की प्रसिद्ध राग बिहार की प्रस्तुति दी। इसके बाद एक ताल हिम में सिय राम... रचना से कार्यक्रम की शुरुआत की। दूसरी रचना के अंतर्गत मध्यलय रुद्र ताल में 11 मात्रा की प्रस्तुति दी गई। संगीत सभा में पहुंचे दर्शक पूरे वक्त अपनी जगह पर डटे रहे। एक ही आयोजन में कई तरह के तालों का सुंदर समावेश देखने को मिला।

### पं. संजय गिजरे को गुरुवर श्रेष्ठ सम्मान





### सावन के मौके पर गाई जाती है ‘कजरी’

एक घंटे की प्रस्तुति का समापन ध्रुव तीन ताल में तराना, कजरी, झूला से की गई। यह पूर्वांचल क्षेत्र में प्रस्तुति की गाने वाले ताल है, जिसे सावन के अवसर पर गाया जाता है। शास्त्रीय संगीत के दौरान सावन माह का संगीत सुनने को मिली।

### ओडिसी कलाकारों का बांसुरी वादन

भुवनेश्वर के कलाकार अभिराम नंदा द्वारा बांसुरी वादन की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान तबला संगत में रामचन्द्र सर्पे भिलाई से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत से ही तबला व बासुरी की जुगलबंदी दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। इस मनमोहक प्रस्तुति को दौरानगण अपने कैमरे में कैद करते नजर आए। कार्यक्रम के शुरुआत से अंत तक लगातार तालियों की गूंज सभागार में सुनने को मिली।



## सिटी लाइव

# सेंट्रल इंडिया कनेक्ट मार्केट प्लेस आज, निवेश पर होगा विमर्श



**रायपुर।** शुक्रवार को विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर "सेंट्रल इंडिया कनेक्ट मार्केट प्लेस-2024" का शुभारंभ किया जा रहा है। सीएम विष्णुदेव साय इसका उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन छग पर्यटन बोर्ड एवं छग ट्रेव्हल ट्रेड एसोसिएशन (सीजीटीटीए) के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजन नवा रायपुर स्थित होटल मेफेयर में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। छत्तीसगढ़ राज्य में पर्यटन उद्योग की नई संभावनाओं और निवेश के अवसरों पर विशेषज्ञों द्वारा विचार-विमर्श किया जाएगा। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही विभिन्न पर्यटन स्टॉल्स और प्रदर्शनियां लगाई जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थल, संस्कृति एवं पर्यटन संभावनाओं को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाना है।

### पर्यटन और शांति है इस वर्ष की थीम

विश्व पर्यटन दिवस-2024 का थीम पर्यटन और शांति है। कार्यक्रम के दौरान राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार, ब्रांडिंग एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान छग राज्य में पर्यटन की नई संभावनाओं और निवेश के अवसरों पर विशेष सत्र आयोजित होंगे। उद्योग से जुड़े विशेषज्ञ, व्यवसायी, एवं निवेशक इस अवसर पर अपनी राय साझा करेंगे और पर्यटन क्षेत्र के विकास पर विचार-विमर्श करेंगे। छत्तीसगढ़ के पर्यटन को वैश्विक मंच पर मजबूती प्रदान करने के लिए इस आयोजन में पर्यटन से जुड़े कई प्रतिष्ठित लोग एवं संस्थान हिस्सा लेंगे। इसके अतिरिक्त इस आयोजन में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और अद्वितीय पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ट्रैवल ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष, पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और राज्य के विभिन्न हिस्सों से जुड़े पर्यटन प्रतिनिधि शामिल होंगे।

● सामान्य दीवारों पर उकेरे जा रहे कई तरह के डिजाइन, कलर कॉम्बिनेशन पर रहता है फोकस

# दीवारों पर भी कारीगरी... सामान्य पुताई की जगह अब वॉल आर्ट का ट्रेंड, इसके लिए बड़ी कंपनियां दे रही कर्मचारियों को ट्रेनिंग

दीपावली से पर्याप्त समय पूर्व ही लोगों ने घरों की साज-सज्जा का काम शुरू कर दिया है, ताकि त्योहार के वक्त उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े। वे पहले से ही कारीगरों की बुकिंग भी करवा रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि पितृपक्ष के बाद घरों में दीपावली की तैयार शुरु हो जाती है। इसके लिए पेंट दुकानों में ग्राहकों की लाइन सुबह से देर रात तक देखने को मिलती है। थोक व्यापारी बल्क में पेंट व अन्य वस्तुओं की खरीदी करते हैं।

**रायपुर।** व्यापारियों के अनुसार सालों पहले केवल दीपावली के अवसर पर पेंट की खरीदी की जाती थी, लेकिन अब साल के 12 महीने पेंट की खरीदी की जाती है। हालांकि दिवाली पर 2-3 गुना खरीदी बढ़ जाती है, जिसके लिए कई माह पहले ही पेंट के रंगों का ऑर्डर बड़ी कंपनियों को दे दिया जाता है।

### बीते दो सालों में बदला है ट्रेंड

आधुनिकता के साथ अब लोगों की जरुरत व सहूलियत को देखते हुए दुकानदार पेंट करने के लिए कर्मचारी भी प्रोवाइड कराते हैं। जो निश्चित रुपए लेकर घर में रंग-रोगन का काम प्रोफेशनल ढंग से करते हैं। बीते 1-2 सालों में यह ट्रेंड बदला है, जिसमें डिजाइन, रंग-रोगन व टेक्सचर देने के लिए अनुभवी व जानकार कर्मचारी कंपनी व दुकान संचालकों द्वारा उपलब्ध कराए जाते हैं। इन सुविधाओं से लोगों को रंग-रोगन कराना काफी आसान हो गया है। इसमें कम से कम समय में पूर्ण रुप से काम किया जाता है।





### कस्टमर की डिमांड अनुसार काम

पेंट कांट्रेक्टर किरण देवांगन ने बताया, बीते 20-25 सालों का अनुभव है। शहर में बीते कुछ सालों में रंग-रोगन के काम में बदलाव देखा गया है, जिसमें लोग अपने सहूलियत अनुसार काम कराना पसंद कर रहे हैं। रंग-रोगन के वक्त कस्टमर अपने बजट अनुसार डिजाइन व रंग की कंपनी का चयन करते हैं। जिसके आधार पर उन्हें कर्मचारी प्रोवाइड कराया जाता है। इसमें समय व काम के अनुसार कर्मचारियों को पेमेंट किया जाता है।

### डिजाइन, स्टिकर व टेक्सचर की ट्रेनिंग

पंडरी स्थित एक दुकान के संचालक विकास अग्रवाल ने बताया, दीपावली में 2-3 गुना पेंट्स की खरीदी की जाती है। पहले दीपावली के मौके पर बाजारों में भारी संख्या में भीड़ उमड़ती थी, लेकिन कुछ सालों से खरीदारों की कमी है। लोग साल भर रंग-रोगन करा रहे हैं, जिसके कारण त्योहार के वक्त पेंट बाजार में भीड़ कम रहती है। शहर में ब्रांडेड पेंट की डिमांड सबसे अधिक होती है, जिसकी खरीदी-बिक्री का सिलसिला लगातार जारी रहता है। खरीदार ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से मनपसंद डिजाइन, स्टिकर व टेक्सचर देखकर तैयार करने की डिमांड करते हैं। जिसके लिए कंपनी के कर्मचारियों को पहले से ट्रेनिंग दी गई होती है। वे डिजाइन देखकर सभी कार्य सरलता से करते हैं। सामान्य दिनों में प्रति व्यक्ति का चार्ज 500-600 रुपए और दीपावली के वक्त 700 रुपए तक पहुंच जाता है।

### पेंट कंपनियां ही दे रही गाइडेंस

कचहरी चौक स्थित एक दुकान के संचालक व पेन्ट्स डिलर मिलन भावनानी ने कहा शहर में एशियन पेंट्स सबसे अधिक चलन में है, खरीदारों की पहली पसंद एशियन पेंट्स ही है। साथ ही नेरोलैक पेंट्स, बर्जर पेंट्स, निप्पॉन पेंट्स, एमआरएफ पेंट्स व बिरला पेंट्स की खरीदी भी की जाती है। दीपावली से पूर्व ही शहर में पेंट्स खरीदी चालू है। खरीदार अपने बजट के अनुसार कंपनी के पेंट खरीद रहे। वर्तमान में व्यस्त दिनचर्या होने के कारण कस्टमर को कंपनियों द्वारा विभिन्न सुविधा दी जा रही है। रंग-रोगन करने के लिए कंपनी कर्मचारी घर भेज रही है। इसके लिए केवल निश्चित शुल्क देने की आवश्यकता है। दीपावली के मौके पर प्रत्येक व्यक्ति 700 रुपए तक एक दिन का चार्ज करता है। साथ ही उन्हें विशेष रुप से ट्रेनिंग दी जाती है, जिससे किसी भी प्रकार की गलती होने की संभावना नहीं होती।

### ब्रांडेड पेंट की डिमांड

मोवा स्थित एक दुकान के संचालक व डीलर दिनेश वर्मा ने बताया, दुकान में निप्पॉन पेंट्स व एशियन पेंट्स की अधिक खरीदी की जाती है। टेक्नोलॉजी, क्वालिटी, क्वरेज व साइनिंग जैसे कई गुणों को देखते हुए लोग खरीदी करते हैं। कई पेंट हेल्थ को नुकसान नहीं पहुंचाते। इसे भी लोग खरीदना पसंद करते हैं। ब्रांडेड पेंट कंपनियों द्वारा पेंट के लिए कर्मचारी तैयार किए जाते हैं। जो घरों में जाकर लोगों की पसंद अनुसार रंग-रोगन का कार्य करते हैं।

## इवेंट लाइव

# रेलवे स्टेशन पहुंचे कॉलेज छात्र प्लास्टिक प्रयोग नहीं करने शपथ




**रायपुर।** नगर निगम एवं नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में रेलवे स्टेशन के बाहर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । गौरतलब है कि पूरे देश में 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । इस कार्यक्रम में जोन-2 के सभी पार्षदों सहित स्वयंसेवक, दुर्गा कॉलेज, गुरुकुल कॉलेज, निवेदिता विद्यालय, शहीद स्मारक विद्यालय के लगभग 400 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा, स्वच्छता जीवन का अभिन्न अंग है। घर-परिवार, गांव-मोहल्ला और शहर के स्वच्छ रहने से ही समाज और मन में समृद्धि आती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई।

### वर्षभर कार्यरत रहते हैं महाविद्यालयीन छात्र

नगर निगम जोन-2 के कॉमिश्नर डॉ.आरके डोंगरे ने बताया, शहर की स्वच्छता को बनाए रखने और उसको बेहतर बनाने के लिए पूरी टीम कार्यरत है। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारी ने बताया, स्वयंसेवक निरंतर स्वच्छता अभियान चला रहे हैं और एकल उपयोगी प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। दुर्गा कॉलेज की प्राध्यापक सुनीता चांसोरिया ने बताया कि उनके महाविद्यालय के युवा पॉलिथीन रोकथाम के लिए पूरे वर्षभर कार्य करते हैं और सामाजिक कार्य में हमेशा सहयोगी रहते हैं।

# बालिकाओं ने बनाई मानव श्रृंखला बैंक कर्मी भी उतरे शहर साफ करने

**रायपुर।** राजधानी के जगन्नाथ राव दानी स्कूल की छात्राओं ने गुरुवार को मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर स्कूल के प्रभारी प्राचार्य हितेश दीवान ने छात्राओं को पर्यावरण को साफ-सुथरा रखने की सामूहिक शपथ दिलाई। नगर निगम के स्वच्छ भारत मिशन शाखा और जोन 4 के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम अपने शहर को साफ-सुथरा रखने और नागरिकों के बीच स्वच्छता का संदेश देने कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



नई पीढ़ी को सफाई की अहमियत बताने और स्वच्छता जनजागरूकता के कार्यक्रम में राजधानीवासियों को जोड़ने राजधानी में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसे स्वच्छता ही सेवा अभियान का नाम दिया गया है। दानी स्कूल परिसर में शाला की छात्राओं ने सुंदर आकृति का रूप देते हुए मानव श्रृंखला बनाई। छात्राओं ने नागरिकों को पर्यावरण के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। इस मौके पर जोन-4 के कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान, जोन-6 के कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी विरेंद्र चंद्राकर सहित स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।



### सफाई मित्रों को बैंक कर्मियों ने किया प्रोत्साहित

जोन 3 अमले ने बैंक ऑफ बड़ोदा के साथ मिलकर गुरुवार को तेलीबांधा तालाब के मरीन ड्राइव में सफाई मित्रों की सहायता से सफाई श्रमदान कर कचरा उठवाया। इसके साथ ही सफाई मित्रों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार वितरित किया। निगम व बैंक के अधिकारी व कर्मचारियों और सफाई मित्रों ने स्वच्छ पर्यावरण का संदेश देने सामूहिक शपथ ली। इस मौके पर जोन कमिश्नर जसदेव सिंह बांबरा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन तांडी सहित जोन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# घासी घसिया ऐप से जुड़ेंगे 15 लाख लोग, मिलकर बनाएंगे अपना झंडा

**रायपुर।** हर समाज की तरह घासी-घसिया समाज ने भी सामाजिक एकजुटता के लिए काम करना शुरू किया है। मतदाता रिकार्ड के हिसाब से समाज के लोग प्रदेशभर में करीब 15 लाख हैं। इस रिकार्ड को अपडेट करने के लिए जल्द ही जिला स्तर पर जातिगत सर्वे कराने के बाद डाटा तैयार किया जाएगा। आने वाले समय में सामाजिक ऐप से सभी को जोड़ा जाएगा। अभी तक समाज का कोई प्रतिकात्मक झंडा नहीं है। इसे बनाने के लिए सामाजिक स्तर पर निर्णय लेंगे, ताकि समाज को अन्य समाज के लोगों की तरह पहचान मिले। यह जानकारी तीन साल के लिए प्रदेशाध्यक्ष मनोनित हुए सचिन खरे ने दी। उन्होंने बताया कि शासकीय लाभ और मूल जाति प्रमाण-पत्र नहीं होने से शासकीय योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। प्रदेश में 60% समाज के लोगों के पास जाति प्रमाण-पत्र नहीं है। इसके चलते कई तरह की परेशानी होती है।



### युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने प्रशिक्षण

राजेश सोना और गोपाल नायक ने बताया कि बस्तर संभाग में रहने वाले समाज के ऐसे लोग जो शिल्पकार का काम करते हैं, उन्हें बेडमेटल वर्क में पारंगत करने प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। इसके लिए सरकार करोड़ों रुपए देती है। उनका सहयोग लेंगे और समाज को आगे बढ़ाने के लिए पहल करेंगे। रायपुर संभाग, दुर्ग संभाग में समाज के लोग सफाई का काम 5-10 साल से करते हैं। उनको नियमित नहीं किया गया है, इसके लिए प्रयास किया जाएगा। आगामी 3 साल में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

### गरीब बेटियों की शादी का उठाएंगे खर्च

10 बिंदुओं पर समाज द्वारा काम करने की योजना बनाई गई है। प्रदेश और संभाग में समाज के लोगों का पंजीयन के बाद फोटो आईडी बनेगी। हर दो महीने में प्रदेश व संभाग की बैठक होगी। इसमें कार्य योजना बनेगी। प्रदेश स्तर, संभाग स्तर और जिला स्तर पर तीन मोर्चा तैयार किया जाएगा। रायपुर में बड़ा सम्मान समारोह रखा जाएगा, इसमें सीएम को आमंत्रित किया जाएगा। समाज के नाम पर एक खाता खोला जाएगा। जो बेटे-बेटियों की शादी नहीं कर पाते, उनकी शादी भी समाज करवाएगा। इसके साथ ही आने वाले समय में समाज सदस्यों को लोन का भी ऑप्शन मिलेगा। जो बच्चे अच्छे नंबर से पास होते हैं, उन्हें सम्मानित करके इनाम भी देंगे।

## समाज इवेंट

# युवा ही नहीं बुजुर्ग भी होते हैं जीवन में असफलता से निराश



**रायपुर।** लगातार चौथे साल भी रोलबोत कम्यूनिटी रेस्ट ऑफ लाइफ वेस्ट ऑफ लाइफ की ओर से 29 सितंबर को रोलबोल कॉनक्लेव का आयोजन किया जाएगा। रविवार को मैक कॉलेज समता कॉलोनी स्थित ऑडिटोरियम में दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक यह आयोजन होगा। इसमें प्रवेश निःशुल्क है, लेकिन प्रवेश पास होने ही दिया जाएगा। इसे देखते हुए दर्शकों को 1.30 बजे तक पहुंच कर अपना स्थान सुनिश्चित करना होगा। संस्था के अध्यक्ष आकाश साहू, सचिव अनुश्री अग्रवाल ने यह जानकारी गुरुवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि फ्री पास के लिए लोग संस्था से संपर्क कर सकते हैं।

### पैनल चर्चा में शामिल होंगे प्रशासनिक अधिकारी

कार्यक्रम प्रभारी वीरेन नागवंशी ने बताया कि जीवन में असफलता के बाद सफलता मिलती है, लेकिन युवा ही नहीं ज्यादा एज ग्रुप के लोग भी निराश हो जाते हैं। ऐसे लोगों को सफलता का सूत्र देने के लिए आयोजन किया जा रहा है। बॉलीवुड अभिनेता अमित सिमाल, अनुज शर्मा, डिजिटल क्रिएटर निखित चंदवानी के साथ रायपुर के निकेश बरडिया एवं अंकित गोयत वक्तव्य देंगे। वहीं दो पैनल चर्चा में आईएएस सोनमणि बोरा, अभिषेक अग्रवाल, एनआईटी रायपुर की डॉ. नम्रता गुगलानी, संकल्प माहेश्वरी भी शिरकत करेंगे।

तीन दिनों तक चली फ्रेशर पार्टी, सोशल मीडिया के लोकप्रिय किरदारों का धरा रुप

# रैंप पर सोशल मीडिया... मुखौटे पहनकर जोड़ी में उतरे फ्रेशर्स

## कार्नर न्यूज

**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिमसें प्रबंधन, कॉमर्स, कंप्यूटर, इंटीरियर व फैशन डिजाइनिंग सहित मानविकी विभाग के छात्रों ने हिस्सा लिया। फ्रेशर पार्टी में पहले दिन साउथ इंडियन और दूसरे दिन सोशल मीडिया के लोकप्रिय किरदारों के थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसके पश्चात गुरुवार को प्रोम और मास्करेड फ्रेशर थीम पर पार्टी में विद्यार्थी शामिल हुए। तीन दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन महाविद्यालय के चेयरमैन राजेश अग्रवाल, प्राचार्य डॉ.एमएम मिश्रा व एडमिनिस्ट्रेटर शिवांगी मिश्रा मुख्य रुप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सीनियर विद्यार्थियों द्वारा अपने जूनियर के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इसके अंतर्गत रिमिक्स फिल्मी गानों पर समूह व एकल नृत्य प्रस्तुति दी गई।






### अनोखे अंदाज से बटोरी तालियां

जूनियर छात्रों द्वारा रैंपवॉक किया गया, जिसमें सौ से अधिक छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें सभी वेस्टर्न लुक में मुखौटे के साथ नजर आए। ड्रेस कोड के अनुसार मुखौटे के रंगों का भी चयन किया गया। फ्रेशर पार्टी के दौरान सभी छात्रों ने जोड़ी में रैंप वॉक किया। उनके अनोखे अंदाज ने सभी की तालियां बटोरी।




### इनके सिर सजा मिस्टर एंड मिस फ्रेशर का ताज

- कंप्यूटर, इंटिरियर डिजाइन एवं कला विभाग से मिस्टर एंड मिस फ्रेशर के लिए अनय सोनी व सुरभी चंदेल का चयन किया गया।
- पीजीडीसीए से मिस्टर एंड मिस ईव विनीत कोरंगा व दीपशिखा सैनी, मिस्टर व मिस फ्रेशर सुजल गुप्ता व मनाता राठौर रहे।
- बीए से मिस्टर व मिस फ्रेशर ऋषभ गुप्ता व स्नेहा जयसवाल रही।
- बीकॉम में मिस्टर एंड मिस फ्रेशर केशव अग्रवाल व अन्वी अग्रवाल बने। मिस्टर एंड मिस ईव रोहित पिंजानी व कृति शर्मा को चुना गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता आज से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक के सहयोग से ₹द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 का आयोजन 27 से 29 सितंबर तक सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में किया जाएगा। आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े ने बताया कि प्रतियोगिता में एकल इवेंट्स में सीनियर पुरुष एकल, सीनियर महिला एकल, यूथ अंडर-19 (यूथ) बालक एकल, यूथ अंडर-19 (यूथ) बालिका एकल, यूथ अंडर-17 (जुनियर) बालक एकल,यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालिका एकल, यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालक एकल, यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालिका एकल,यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक एकल, यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालिका एकल, यूथ अंडर-11 ( होप्स) बालक एकल तथा यूथ अंडर-11 ( होप्स) बालिका एकल हेतु कुल मिलाकर 12 वर्गों में आयोजित की जा रही है। जिसमें 27 सितंबर को यूथ अंडर-19 (यूथ) एवं यूथ अंडर-13 (कैडेट) एकल वर्ग (बालक/बालिका), 28 सितंबर को सीनियर (पुरुष/महिला) एवं यूथ अंडर-11 (होप्स) एकल वर्ग (बालक/बालिका) तथा 29 सितंबर को यूथ अंडर-17 (जूनियर ) एवं यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) एकल वर्ग (बालक/बालिका) की प्रतियोगिता होगी।

प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से कुल 200 पुरुष/बालक एवं महिला/बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिसमें 27 सितंबर को सुबह 10.00 बजे से यूथ अंडर -19 (यूथ) बालक एवं बालिका एकल वर्ग एवं यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक एवं बालिका एकल वर्ग के मैच खेले जायेंगे। जिसके समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिका निगम रायपुर के एम.आई.सी सदस्य एवं अध्यक्ष पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग तथा छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश चन्नावार होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जीवन बीमा निगम से आर.डी.आई.ई.यू. के महासचिव सुरेन्द्र शर्मा करेंगे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक पी.एन. मजूमदार तथा सहायक मुख्य निर्णायक प्रवीण निरापुरे एवं भूपेंद्र सिंह राजवंशी हैं।

### टेबल टेनिस में समूचे छत्तीसगढ़ से पॉवर कंपनी के कर्मी दिखा रहे जोर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की कला एवं क्रीड़ा परिषद के तत्वावधान में अंतरक्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को डंगनिया मुख्यालय में हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर थे। पॉवर कंपनी मुख्यालय में 28 सितंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के आठ क्षेत्रीय टीमें हिस्सा ले रही हैं। इसमें दुर्ग, जगदलपुर, बिलासपुर, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, मड़वा के साथ रायपुर सेंट्रल व रायपुर रीजन की टीम शामिल हैं। उद्घाटन समारोह में परिषद के महासचिव कार्यपालक निदेशक एमएस चौहान, कार्यपालक निदेशक केएस मनोठिया, कार्यपालक निदेशक जेएस नेताम, अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रतियोगिता में सेंट्रल आब्जर्वर वीके तिवारी और रेफरी सुशांत बोरवांकर एवं एसबी पेंडारकर हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रकाशन अधिकारी गोविन्द पटेल ने एवं आभार प्रदर्शन क्षेत्रीय क्रीड़ा सचिव श्री विनय चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रशांत बापट, आरके बंछोर, आरएन वर्मा, प्रवीण साहू और योगेश प्रधान सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग चिरमिरी में, रायपुर से भी जाएंगे खिलाड़ी



**रायपुर।** वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग इंडिया एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में रायपुर जिले से 32 पावर लिफ्टर भाग लेने चिरमिरी जायेंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि द्वितीय राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन जिला एमसीबी के चिरमरी में आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में रायपुर जिले के चयनित पावर लिफ्टर महिला वर्ग में सीमा सारथी, विकलांग खमेश्वरी बाघ, दिशा पटेल, पल्लवी तांडी, मंजू पटेल, मुस्कान देवांगन, राजविंदर कौर, मधु यादव, पुरुष वर्ग में लेखराज साहू, राम द्विवेदी, सार्थक बैग, आलोक शर्मा, दिव्यांश महाजन, नागेश्वर साहू, याग्निक तांडी, अर्थ द्विवेदी, अजीत कांसकर, युगल किशोर निर्मलकर, अमान अहमद, गौरव साहू, मुकेश सिंह ठाकुर, देवेंद्र कुमार बंजारे, शुभम साहू, समीर ठाकुर, कमलेश साहू, गुलशन नायक, आशुतोष निहाल, राहुल मिश्रा, आशुतोष तिवारी, अमित नायक, रोहित कुमार चौधरी और वेद प्रकाश साहू आदि शामिल हैं।

#### अल्जाइमर रोग का जोखिम दुनिया भर में बढ़ता हुआ देखा जा रहा

# समय पर याद ही नहीं आता लोगों का नाम और भूलने लगते हैं बहुत कुछ? कहीं आप एनोमिया के शिकार तो नहीं

दुनियाभर में अल्जाइमर रोग का जोखिम बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। साल 2020 के आंकड़ों के मुताबिक 55 मिलियन (5.5 करोड़) से अधिक लोग अल्जाइमर और इसके कारण होने वाली डिमेंशिया रोग के शिकार थे। यह संख्या हर दो दशकों में लगभग दोगुनी होने की आशंका जताई गई है। चीजों को भूल जाने, याददाश्त में कमी, तर्क करने की क्षमता में दिक्कत वाली ये बीमारी उम्र बढ़ने के साथ बहुत आम है। भूलने की समस्या, समय पर चीजों या किसी के नाम को याद न कर पाना सामान्य है। पर अगर आपको अक्सर ये दिक्कत होती रहती है, इसके कारण आपकी दैनिक गतिविधियों पर असर हो रहा है तो इसपर ध्यान दिया जाना जरूरी हो जाता है। कहीं ये किसी न्यूरो-साइकेट्रिक समस्या के कारण तो नहीं है? लिखते-बोलते समय चीजों या लोगों का नाम न याद आने को मेडिकल की भाषा में 'एनोमिया' की दिक्कत कहा जाता है। इस विकार से पीड़ित लोगों को अक्सर ऐसा लगता है कि उनके जीभ पर ही शब्द है पर उसे व्यक्त नहीं कर पा रहे हैं। कहीं आपको या किसी जानने वाले को इस तरह की दिक्कत तो नहीं?



### बोलने के लिए समय पर सही शब्द न मिल पाना

अक्सर आपने एक मशहूर भारतीय क्रिकेटर को कई इंटरव्यू के दौरान चीजों या खिलाड़ियों का नाम भूलते हुए देखा होगा। उदाहरण के लिए जैसे उन्हें बताना हो कि किसी खिलाड़ी को फील्डिंग के लिए फाइन लेग पर भेजा और उसने बेहतरनी कैच पकड़ लिया। इसे वह ऐसे बोलते दिखते हैं- मैंने उसे वहां भेजा और उसने बढ़िया कैच पड़ लिया। हमारे आसपास भी ऐसे लोग हो सकते हैं, जिन्हें आप चीजों का नाम भूलते नोटिस तो करते हैं पर जानकारी के अभाव में इसे कभी समस्या नहीं मानते। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इसपर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरूरत है। कुछ स्थितियों में ये अल्जाइमर रोग का लक्षण भी हो सकता है।



### एनोमिया की समस्या क्या है?

एनोमिया या एनोमिक अफेसिया को भाषा विकार के रूप में जाना जाता है। इसमें आपके दिमाग में चीजें तो होती हैं पर बोलने के धाराप्रवाह में उसके लिए सही शब्द नहीं मिल पाते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि स्ट्रोक, सिर में दर्दनाक चोट या ट्यूमर के कारण होने वाली ब्रेन डैमेज की समस्या इसका कारण बन सकती है।

विशेषज्ञ बताते हैं, एनोमिया की समस्या को मुख्यरूप से मस्तिष्क के बाएं हिस्से में होने वाली क्षति का परिणाम माना जाता है। दाएं हाथ वाले लोगों के लिए मस्तिष्क का बायां हिस्सा भाषा को नियंत्रित करने और इसके चयन में मदद करता है। हालांकि एनोमिया के लिए हर बार जरूरी नहीं है कि मस्तिष्क में चोट लगी ही हो।



### अल्जाइमर रोग से इसका संबंध

वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ सत्यकांत त्रिवेदी बताते हैं, इस तरह की समस्याओं पर ध्यान देना इसलिए जरूरी है क्योंकि अल्जाइमर रोग और डिमेंशिया जैसी न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों के शुरुआती चरणों में भी एनोमिया के लक्षण हो सकते हैं। इसके अलावा लंबे समय से तनाव के शिकार लोगों में स्ट्रोक होने का जोखिम बढ़ जाता है जो एनोमिक अपेसिया का कारण बन सकती है।

समय पर इन समस्याओं का निदान और उपचार प्राप्त करके कई तरह के न्यूरोसाइकेट्रिक विकारों के खतरे कम को करने में मदद मिल सकती है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

डॉ सत्यकांत कहते हैं, अगर आपको लगता है कि आप या आपके किसी परिचित में एनोमिया के लक्षण हैं तो उन्हें उचित निदान और इलाज लेने की सलाह दें। स्पीच और विजुअल एक्शन थेरेपी आदि की मदद से इस तरह की समस्याओं में आराम पाया जा सकता है। निदान के दौरान ये भी जाना जा सकता है कि कहीं मस्तिष्क में कोई क्षति तो नहीं है? न्यूरोसाइकेट्रिक विकारों के बढ़ते मामले गंभीर और दीर्घकालिक समस्याओं का कारण बन सकते हैं इसलिए समय रहते इनका पता करना और इलाज लेना जरूरी है।


## अंतर महाविद्यालयीन फुटबॉल में विप्र कॉलेज 3-2 से विजयी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मैच खेला गया। पहला सेमीफाइनल मैच विप्र महाविद्यालय रायपुर विरुद्ध शासकीय छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर के मध्य खेला गया। दोनों ही टीमे अंत तक 1-1 की बराबरी पर रही। मैच का फैसला टाई ब्रेकर के माध्यम से किया गया। विप्र महाविद्यालय की ओर से प्रवेश, यशवंत, चंद्र प्रकाश,रोहित ने गोल किया और नीलाभ ने बॉल बाहर मारा। छत्तीसगढ़ महाविद्यालय की ओर से अमीर,निशांत और देवेश ने गोल किया। एल्विन और साहिल ने बॉल बाहर मार दिया। इस प्रकार विप्र महाविद्यालय की टीम 5-4 से विजयी रही1 दूसरा सेमीफाइनल मैच यूटीडी रायपुर और नेताजी सुभाष महाविद्यालय अभनपुर के बीच में खेला गया मैच के 18 मिनट में ही नेताजी सुभाष के अंकुश टोप्पो ने शानदार गोल किया और अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। मध्यांतर तक यह बढ़त बरकरार थी। मैच के 36 मिनट में यूटीडी के अविनाश ने शानदार गोल कर अपनी टीम को बराबरी दिला दी। शानदार मुकाबले में अंत तक दोनों ही टीमें बराबरी पर रही। दूसरे सेमीफाइनल मैच का परिणाम भी टाइम ब्रेकर के माध्यम से किया गया। टाइ-ब्रेकर में यूटीडी की तरफ से अविनाश, सतीश, पिलेट्स और युवराज ने गोल किया। जबकि विनोद का शॉट गोलकीपर ने शानदार तरीके से बचा लिया। नेताजी कॉलेज की तरफ से अमित,मनजीत और पारुल तपन ने गोल किया। डेविड मिंज और लेविस ने बॉल बाहर मार दिया। इस प्रकार यूटीडी की टीम 5-4 से विजयी हुई। प्रतियोगिता का फाइनल और अंतिम मैच यूटीडी और विप्र महाविद्यालय के बीच खेला गया। जिसमें मैच की शुरुआत में ही शानदार खेल दिखाते हुए यूटीडी के युवराज ने 10 मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। हालांकि यूटीडी की यह बढ़त ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रह सकी और विप्र महाविद्यालय के नील भूषण ने 17 वे मिनट में शानदार गोल कर स्कोर बराबर कर दिया।

## फार्महाउस से जुड़े वास्तु टिप्स आप भी करें फॉलो

आजकल अधिकतर लोग वीकेंड में रिलैक्सिंग फील करने के लिए फार्महाउस में समय बिताना पसंद करते हैं। ऐसे कई लोग हैं, जो अपने शहर से थोड़ा दूर फार्महाउस तैयार करवाते हैं, ताकि वे वहां पर अपनी फैमिली या दोस्तों के साथ अच्छा वक्त बिता सकें। कहीं पर भी अच्छा वक्त बिताने के लिए जरूरी होता है कि आप वहां पर अच्छा फील करें। इसलिए, उस जगह की पॉजिटिविटी का ध्यान रखना भी उतना ही जरूरी होता है। अक्सर हम इस ओर ध्यान ना दें, लेकिन जब फार्महाउस बनवाते समय वास्तु के नियमों का ध्यान नहीं रखा जाता है तो इससे वहां की नेगेटिविटी आपको परेशान कर सकती है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको कुछ ऐसे वास्तु टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको फार्महाउस बनवाते समय ध्यान रखना चाहिए-



**मुख्य द्वार की दिशा**-जब आप फार्महाउस बनवा रहे हैं तो आपको उसके मुख्य द्वार की दिशा पर खासतौर पर ध्यान देना चाहिए। हमेशा कोशिश करें कि आपके फार्महाउस के मुख्य द्वार की दिशा दक्षिण-पश्चिम नहीं होनी चाहिए। अगर इस दिशा में मुख्य द्वार बनता है तो फार्महाउस में आने व ठहरने वाले लोगों को बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता है।

**बेडरूम की दिशा**-फार्महाउस में हम बेडरूम जरूर बनवाते हैं ताकि वहां पर आसानी से रिलैक्स कर सकें। हमेशा कोशिश करें कि आप फार्महाउस के दक्षिण-पश्चिम दिशा में ही अपना बेडरूम बनाएं। लेकिन इस बात का खासतौर पर ध्यान रखें कि दक्षिण-पश्चिम दिशा के कोने में कोई खिड़की ना बनवाएं।



## दिल और दिमाग की सेहत के लिए फायदेमंद है पोषक तत्व

शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ नियमित रूप से स्वस्थ और पौष्टिक आहार लेने की सलाह देते हैं। आहार की पौष्टिकता का ध्यान रखकर शरीर के लिए जरूरी आवश्यक पोषक तत्वों की आसानी से पूर्ति की जा सकती है। कई अध्ययनों में शोधकर्ताओं ने कहा, जिस प्रकार से समय के साथ कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का जोखिम बढ़ता जा रहा है, ऐसे में जरूरी है हम अपने आहार का विशेष ध्यान रखें। ओमेग-3 फैटी एसिड जैसे तत्वों से भरपूर आहार का सेवन शरीर के लिए कई प्रकार से लाभकारी हो सकता है, क्रोनिक बीमारियों से सुरक्षा देने में इसके स्वास्थ्य लाभ देखे गए हैं। शोधकर्ता कहते हैं, ओमेग-3 फैटी एसिड, हेल्दी फैट्स का एक प्रकार है इसके सेवन को हृदय रोगों से बचाव के लिए काफी लाभकारी पाया गया है। पर क्या ओमेगा-3 सभी के लिए जरूरी है और इसे कैसे प्राप्त किया जा सकता है? आइए इस बारे में जानते हैं।

### ओमगा-3 क्यों जरूरी है?

ओमेगा-3 फैटी एसिड को कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ के लिए जाना जाता है। विशेष रूप से, मस्तिष्क और हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, शरीर में इंफ्लामेशन को कम करने



और कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों से बचाने में इस पोषक तत्व के लाभ देखे गए हैं। मानसिक स्वास्थ्य की कई समस्याओं को कम करने और इसके रोगियों को स्वास्थ्य लाभ देने में भी इस पोषक तत्व के फायदे हो सकते हैं। यही कारण है कि इसे आहार में शामिल करने को फायदेमंद माना जाता रहा है।

### ब्रेन हेल्थ के लिए इसके लाभ

ओमगा-3 को शोधकर्ताओं ने अध्ययन में मस्तिष्क स्वास्थ्य के लिए काफी लाभकारी पाया है। शोधकर्ताओं की टीम ने पाया कि ओमेगा-3 शिशुओं में मस्तिष्क की वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इतना ही नहीं, डिप्रेशन और एंग्जाइटी के शिकार लोगों की समस्या में राहत के लिए भी इस पोषक तत्व को लाभकारी पाया गया है। अवसाद रोगियों में भी ओमगा-3 लाभकारी प्रभावों वाला हो सकता है।

### हार्ट के रोगियों के लिए फायदेमंद

दिल का दौरा और स्ट्रोक, दुनियाभर में मौत के प्रमुख कारणों में से एक है। कोरोना संक्रमण के बाद इन रोगों का जोखिम बढ़ता जा रहा है, यहां तक कि बेहद कम उम्र के लोग भी हृदय की गंभीर समस्याओं के शिकार पाए जा रहे हैं। शोधकर्ताओं ने देखा था कि मछली खाने वाले लोगों में इन बीमारियों की दर बहुत कम थी, अध्ययन में पाया गया कि चूंकि मछली में ओमेगा-3 की भरपूर मात्रा होती है जो हृदय की सेहत के लिए कई प्रकार से लाभकारी है, ऐसे में हृदय रोगियों के लिए इसका सेवन फायदेमंद हो सकता है।

**क्या सभी के लिए जरूरी है ये पोषक तत्व-** स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ओमेगा-3 का सेवन सभी लोगों को स्वास्थ्य लाभ दे सकता है, हालांकि किसी भी पोषक तत्व का सेवन आहार के माध्यम से करना अधिक लाभकारी माना जाता है। आहार में कई प्रकार के नट्स, मछलियों, फलों-सब्जियों को शामिल करके आसानी से इस पोषक तत्व की आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सकती है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

कृष्णा मोटर्स
VANDE BHARAT · THUKRAL
भारत का मजबूत एवं भरोसेमंद ई-रिक्शा
• आसान फायनेंस पर उपलब्ध • न्यूनतम डाऊनपेमेंट में घर ले जाएं
• मिनीमम 100 से 150 किलो. तक माइलेज पाएं
• लो मेंटनेस • चलाने में आसान, प्रदूषण से मुक्ति
• भारत माता चौक, गुढ़ियारी, रायपुर • स्टेशन रोड गुरुद्वारा नीम पेड़ के पास, रायपुर
• करण टेलर्स के पास, गोकुल नगर, रायपुर मो. 9926131523, 9755802331

ॐ सांई कार्पोरेशन
RICHFORD
आकर्षक डील्स पाएँ
0% DOWN PAYMENT
देश की सवारी, रिचफोर्ड हमारी
टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की एक्सचेंज सुविधा
1 टन कैपेसिटी
कुशालपुर चौक, नियर देवी हॉस्पीटल, रायपुर (छ.ग.)
ब्रांच ऑफिस : JOHN DEERE TRACTORS के बाजू, दुर्ग रोड, पाटन
Mob.: 7722928239

करन मोटर्स
CITYLIF
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा
बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई-लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
▪ लिथियम बैटरी की पावर के साथ (सिंगल बैटरी)
▪ 3 साल की वारंटी (मेंटेनेंस फ्री)
▪ ना कोई पानी डालने का झनझट, ना कोई टेंशन
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ करन मोटर्स पर
एक बार चार्ज होने पर 80-130 किमी. चलती जाएं...
नियम एवं शर्तें लागू
करन मोटर्स • स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास, तेलघानी नाका, रायपुर • हिलर्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर
मो.: 9826777050, 9584500013

।। जय जगन्नाथ ।।
ज्योतिष समाधान एवं वास्तु शास्त्री
आचार्य जितेन्द्र मसंद
9200028000, 7770916666
जन्मकुण्डली, वास्तु, वास्तु अनुरूप नक्शा के लिए संपर्क करें
@AcharyaJitendramasand
जगन्नाथ मंदिर के पास, गायत्री नगर, मेन रोड, अंवति विहार, रायपुर (छ.ग.)

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
9977115597, 8319076661
C-4, SECTOR-1, DEVENDRA NAGAR, NEAR CITY CENTER MALL, RAIPUR, 492004
KITCHEN GALAXYNXMODULAR
अपने घर का मॉड्युलर किचन बनवाएं
SPECIAL OFFER ₹55,000 · ₹95,000 · ₹1,50,000

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## गोल्ड जीतने वाली मुक्केबाज पर्दे पर दिखाएंगी जलवा, हॉलीवुड में रखेंगी कदम



दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज निकोला एडम्स आगामी एक्शन-थ्रिलर द गन ऑन सेकंड स्ट्रीट से हॉलीवुड फिल्मों में पदार्पण करने जा रही हैं। इस फिल्म में पोपी डेलेविंगने, टॉम अर्नोल्ड और रूमर विलिस भी नजर आएंगे। फिल्म की कहानी पिट्सबर्ग के दो पुलिस की है, जिनकी जिंदगी एक दुखद घटना के कारण बदल जाती है। कहानी का केंद्र अधिकारी टीजे मीडोज III है, जो घरेलू हिंसा के दौरान गलती से अपने पार्टनर को गोली मारकर उसकी हत्या कर देता है। यह फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन में है और इसे अमेरिका में बंदूक से होने वाली वारदातों का रूपक बताया जा रहा है। फिल्म के निर्देशन की कमान रोहित कर्ण बत्रा के हाथों में है। वहीं, इसके निर्माता रैनसम फिल्म्स के गाइ जे. लौथन और रिकिन शाह कार्यकारी निर्माताओं में से एक हैं। निकोला एडम्स की बात करें तो उन्होंने साल 2019 में मुक्केबाजी से संन्यास ले लिया था और एक अपराजित पेशेवर रिकॉर्ड के बाद से वह अपने अभिनय कौशल को निखार रही हैं। उन्होंने लंदन में आइडेंटिटी स्कूल ऑफ एक्टिंग से पढ़ाई की है, जिसके पूर्व छात्रों में जॉन बॉयेगा, मलाची किर्बी और लेटिटिया राइट शामिल हैं। निकोला एडम्स इससे पहले ब्रिटिश टीवी सीरीज वाटरलू रोड के 2013 के एपिसोड में दिखाई दी थीं। उन्होंने द ग्राहम नॉर्टन शो, सेलिब्रिटी गॉगलबॉक्स और सट्रिक्टली कम डांसिंग जैसे शो में विशिष्ट भूमिकाएं निभाई हैं। हालांकि, द गन ऑन सेकंड स्ट्रीट उनकी फीचर फिल्म है। फिलहाल उनके किरदार के बारे में जानकारी को निर्माताओं ने गुप्त रखा गया है। निकोला एडम्स ने कहा, ₹मैं इस नई चुनौती को स्वीकार करने और अपनी लड़ाकू भावना को बड़े पर्दे पर लाने के लिए रोमांचित हूं।

### टॉलीवुड

## पवन कल्याण की 'हरि हर वीरा मल्लू' के सेट पर वापसी, प्रशंसकों में उत्साह का माहौल



दक्षिण भारतीय अभिनेता और राजनेता पवन कल्याण आंध्र प्रदेश का चुनाव जीतने के बाद सेट पर वापसी कर चुके हैं। अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू पार्ट 1' की टीम ने सोमवार को इससे जुड़ी अपडेट साझा की। इस अपडेट ने अभिनेता के प्रशंसकों को रोमांचित कर दिया है।

फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर फिल्म से पवन कल्याण का एक नया पोस्टर साझा किया और घोषणा की कि यह 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पोस्ट में लिखा, कभी ना रुकने वाली शक्ति, अटूट भावना 28 मार्च, 2025 को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में धूम मचाने वाली है! पवन कल्याण गरु शूटिंग में शामिल हुए! हरि हर वीरा मल्लू की शूटिंग आज सुबह 7 बजे विजयवाड़ा में बनाए गए सेट पर फिर से शुरू हुई।'

रिपोर्ट्स के मुताबिक टीम ने प्रोडक्शन डिजाइनर थोथा थारानी द्वारा विजयवाड़ा में विशेष रूप से बनाए गए सेट पर एक एक्शन सीक्वेंस के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू की। हॉलीवुड स्टंट निर्देशक निक पॉवेल भी पवन और 400 स्टंटमैन के एक बड़े दल के साथ काम कर रहे हैं। अभिनेता नासिर, रघु बाबू, अयप्पा पी शर्मा, सुनील, नर्रा श्रीनु और निहार भी शूटिंग का हिस्सा बताए जा रहे हैं।

कहा जा रहा है कि पवन कल्याण के ब्रेक लेने से पहले तक कृष जगरलामुदी ने इस फिल्म का निर्देशन किया था, लेकिन अब ज्योति कृष्णा ने इसके निर्देशन का काम संभाल लिया है।

### भोजपुरी

## 'रोजा' में नए लुक में नजर आईं आम्रपाली, फैंस ने दी बधाई



भोजपुरी अदाकारा आम्रपाली दुबे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में वे दुल्हन के लिबास में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री का गेटअप ऐसा है कि वे मुस्लिम दुल्हन वाले मेकअप में नजर आ रही हैं। इसके अलावा आम्रपाली ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें वे बुर्का पहने दिख रही हैं। इसके बाद यूजर्स हकीकत जानना चाह रहे हैं।

आम्रपाली दुबे की जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, वह दरअसल, अभिनेत्री की आगामी फिल्म की हैं। आम्रपाली दुबे की अगली फिल्म का नाम है 'रोजा'। इन दिनों वे इसी फिल्म की तैयारियों में जुटी हैं। शूटिंग के साथ-साथ वह इसका प्रमोशन भी कर रही हैं। आम्रपाली ने आज तस्वीरें शेयर कर लिखा है, 'मूवीः रोजा'। आम्रपाली का यह लुक उनकी आगामी फिल्म के लिए है, उनके फैंस भी अपनी प्रतिक्रिया दे रहे है। एक यूजर ने लिखा, 'सच बताऊं तो आप इस रूप में बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आ रही हैं।' एक यूजर ने लिखा, 'क्या नूर है'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आप तो ऐसे भी बहुत अच्छी लगती हो'। आम्रपाली दुबे की फिल्म 'रोजा' उनके अलावा अयाज खान और ज्योति मिश्रा भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन इश्तियाक शेख बंटी कर रहें हैं, वहीं अमित सिंह चौहान फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं।




अगर आप फैशन में थोड़ी सी भी दिलचस्पी रखते हैं, तो आप मशहूर मॉडल सीन ओ'प्री के खूबसूरत चेहरे को पहचान सकते हैं। वास्तव में, इस शख्स ने अपने पूरे करियर का आनंद उस तरह से लिया है, जिसकी आकांक्षा लगभग सभी पुरुष मॉडल करते हैं। यहां सफलता ही सबसे महत्वपूर्ण शब्द है, क्योंकि ओ'प्री को अक्सर दुनिया के सबसे ज़्यादा भुगतान पाने वाले पुरुष मॉडलों में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। उनके इंस्टाग्राम पर अभी 6 लाख से ज़्यादा फ़ॉलोअर हैं।

## चाहिए नेचुरल लुक तो फाउंडेशन लगाते वक्त रखें इन बातों का ध्यान



जब कोई महिला मेकअप करने बैठती है तो उसके लिए सही तरह का फाउंडेशन का इस्तेमाल करना और सही से इस्तेमाल करना बेहद जरूरी होता है। अगर आपका फाउंडेशन सही नहीं लगा है तो आपका बाकी का पूरा मेकअप खराब हो सकता है। खासकर दिक्कत उन महिलाओं के सामने आती है जो हमेशा नेचुरल मेकअप पर भरोसा करती हैं।

अगर आप फाउंडेशन का इस्तेमाल करने का सोच रही हैं, तो सबसे पहले सही फाउंडेशन का होना बेहद जरूरी है। अगर ये आपकी स्किन टोन और टाइप के हिसाब का नहीं होगा तो हो सकता है कि इसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा एक शेड डार्क या फिर एकदम सफेद दिखने लगे।

अगर आप फाउंडेशन का इस्तेमाल सही तरीके से करेंगी तो आपका लुक एकदम नेचुरल आएगा। क्या आप जानती हैं कि फाउंडेशन को लगाने से पहले सही से ब्लेंड करना चाहिए। ये जितना अच्छे से ब्लेंड होगा, उतना ही इसका लुक निखर कर आएगा।

अगर आपके चेहरे पर पिंपल्स या अन्य दाग-धब्बे हैं तो कंसीलर का इस्तेमाल स्वाभाविक है। ऐसे में इसका इस्तेमाल फाउंडेशन के बाद ही करें वरना कंसीलर की वजह से फाउंडेशन का शेड खराब हो सकता है।

अगर आप लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल कर रहीं हैं तो आपको इसे स्किन पर फैलाने के लिए ब्रश की मदद लेनी चाहिए, पर ध्यान रखें कि फाउंडेशन को ब्लेंड हमेशा ब्यूटी ब्लेंडर के साथ ही करना चाहिए।


फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से पहले चेहरे को सही से मॉश्चराइज जरूर करें। इससे ये सही से स्किन पर सेट होगा। इसके साथ ही कभी भी बिना प्राइमर के फाउंडेशन का इस्तेमाल ना करें। ब्यूटी ब्लेंडर से फाउंडेशन सेट करते वक्त हाथों को ज्यादा टाइट ना रखें।

## डीप नेक ब्लाउज में दिखेंगी स्टनिंग अगर आप इन टिप्स को करेंगी फॉलो




जब हम साड़ी या लहंगा पहनते हैं तो उसमें स्टाइलिश दिखने के लिए ब्लाउज को कई अलग-अलग तरीकों से स्टाइल करवाते हैं। इनमें डीप नेक ब्लाउज यकीनन काफी स्टाइलिश लगते हैं। डीप नेक ब्लाउज आपको एक स्टेटमेंट लुक देते हैं। हालांकि, इन्हें सही तरह से स्टाइल करना बेहद जरूरी होता है, ताकि आप एलीगेंस के साथ इसे कैरी कर सकें।

अगर डीप नेक ब्लाउज को सही तरह से स्टाइल ना किया जाए तो इससे आपका पूरा लुक बिगड़ सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको डीप नेक ब्लाउज को पहनते समय ध्यान में रखना चाहिए-



### ब्लाउज के साथ ब्रा पर दें ध्यान

जब आप डीप नेक ब्लाउज को स्टाइल कर रही हैं तो आपको उसके साथ-साथ ब्रा पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर आपकी ब्रा सही नहीं होगी तो यह ब्लाउज में विजिबल होगी। ऐसे में आपका पूरा लुक ही बिगड़ जाएगा। कोशिश करें कि आप ऐसी ब्रा चुनें, जो आपके ब्लााउज की नेकलाइन को कॉम्पलीमेंट करती हो। आप चिपकने वाली या सिलिकॉन ब्रा पहन सकती हैं।

### स्टाइलिश हो एक्सेसरीज

जब आप डीप नेक ब्लाउज कैरी करती हैं तो उसके साथ सही एक्सेसरीज पहनकर आप एक स्टेटमेंट लुक कैरी कर सकती हैं। मसलन, डीप नेक ब्लाउज के साथ चंकी नेकलेस या चोकर स्टाइल किया जा सकता है।

### फिटिंग को करें चेक

डीप नेक ब्लाउज में आपका लुक तभी अच्छा लगता है, जब उसकी फिटिंग अच्छी हो। सही ढंग से सिलवाया गया ब्लाउज न केवल दिखने में अच्छा लगेगा, बल्कि इससे आपको सही कवरेज भी मिलेगा।

### रहें कॉन्फिडेंट

डीप नेक ब्लाउज देखने में काफी स्टनिंग लगता है। लेकिन इसमें आपका लुक तभी स्टाइलिश लगता है।

## बिना काटे दोमुंहे बालों से इस तरह पाएं छुटकारा, जानिए टिप्स



अगर आप दोमुंहे बालों की समस्या से परेशान हैं, तो इससे छुटकारा पाने के लिए घरेलु नुस्खे आजमा सकती हैं। स्प्लिट एंड्स यानि दोमुंह बाल तब होते हैं जब बाल बहुत रुखे हो जाते हैं, जिसकी वजह से छल्ली, जो बालों की सबसे ऊपरी सुरक्षात्मक परत होती है, बालों के सिरों से अलग हो जाती है और फिर सिरे दो भागों में बंट जाते हैं। बालों के सिरों को समय-समय पर ट्रिम करना दोमुंहे बालों को रोकने का एक आसान तरीका है। लेकिन आप कई घरेलू उपचार या फिर टिप्स की सहायता से इस समस्या से छुटकारा पा सकती हैं। दोमुंहे बालों को कम करने आप गर्म तेल की मदद ले सकती हैं। बस आप हफ्ते में दो बार शुद्ध नारियल तेल को गर्म करके अपने बालों में लगाएं। साथ ही, दोमुंहे बालों के सिरों पर भी लगाएं। फिर एक तौलिये को गर्म पानी में डुबोएं और पानी को निचोड़ें। फिर गर्म तौलिया को सिर पर पगड़ी की तरह लपेट दें। इसे 5 मिनट तक लगाकर ऐसे ही रहने दें। आप अपने सिर पर गर्म तौलिया को लपेटने की प्रक्रिया को कम से कम 3 से 4 बार दोहराएं। यह बालों और स्कैल्प के तेल को बेहतर तरीके से अवशोषित करने में मदद करता है, जिससे दोमुंहे बाल खुद ही ठीक हो जाते हैं।

## घर पर फुट स्पा करते हुए इन टिप्स को करें



पूरा दिन काम करने के बाद जब हम थक जाते हैं तो खुद को रिलैक्स करने के लिए कई तरीके अपनाते हैं। इन्हीं में से एक है फुट स्पा। अक्सर छुट्टी के दिन खुद को पैम्पर करने के लिए या फिर अपनी थकान दूर करने के लिए हम घर पर ही फुट स्पा करते हैं। यह यकीनन खुद को आराम पहुंचाने का एक अच्छा तरीका है।

लेकिन जब आप घर पर फुट स्पा कर रहे हैं तो आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। घर पर फुट स्पा करते हुए आपको हेल्प करने वाला कोई नहीं होता है, इसलिए आपको सारी तैयारी खुद ही करनी होती है। तो चलिए आज इस लेख में हम कुछ ऐसे छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको फुट स्पा करते हुए ध्यान में रखना चाहिए-

### अपने सामान को करें इकट्ठा

अगर आप घर पर फुट स्पा कर रही हैं तो ऐसे में आपको सबसे पहले सारा सामान इकट्ठा करना चाहिए। दरअसल, जब आप फुट स्पा करती हैं तो ऐसे में बीच में आपको सामान देने के लिए कोई नहीं होगा। इसलिए, आप फुट स्पा के दौरान काम में आने वाली चीजें जैसे टब, एप्सम सॉल्ट, गर्म पानी, तौलिए, फुट स्क्रब, मॉइश्चराइजिंग लोशन, नेल क्लिपर, फाइल आदि को एक जगह रखें। इससे आपके लिए फुट स्पा करना अधिक रिलैक्सिंग होगा।

### पैरों को करें प्रिपेयर

सुनने में आपको शायद अजीब लगे, लेकिन फुट स्पा करने से पहले अपने पैरों को प्रिपेयर करना भी उतना ही जरूरी होता है। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि आप पहले अपने नेल्स को काटकर शेप दें। साथ ही, अगर नेल्स पर नेल पॉलिश लगी है तो उसे रिमूव कर दें और पैरों को अच्छी तरह धो लें। इस तरह जब आप पहले पैरों को प्रिपेयर करते हैं तो फुट स्पा के दौरान आपको अधिक आसानी होगी।

कार्नर न्यूज

### ये टिप्स मदद करेंगे आपको अच्छे से ग्रूम होने और बने रहने में

## चाहिए 'ग्रूम्ड मेन' का टाइटल तो इन बातों को कर लीजिए लाइफस्टाइल में शामिल

*'ग्रूम्ड मेन' कौन नहीं कहलाना चाहेगा? आप भी ऐसा चाहते ही होंगे। पर इसके लिए आपने किया क्या है? अच्छे से तैयार हो जाते हैं? बस...अगर हां तो कुछ बातें ऐसी हैं जिनके बिना आप 'ग्रूम्ड मेन' वाले रास्ते पर बिल्कुल नहीं चल रहे हैं। ऐसा करने के लिए आपको कुछ खास बातें अपनी लाइफस्टाइल में शामिल करनी होंगी। ये टिप्स आपको अच्छे से ग्रूम होने और बने रहने में मदद करेंगी वो भी पूरी लाइफ-*



### टाइम पर हेयर कट

ज्यादातर पुरुष जब समय मिलता है या फिर जब बालों से दिक्कत होने लगे तब ही बाल कटाने जाते हैं। लेकिन बालों के बढ़ते ही फिर वही रूटीन कि 'ज्यादा बढ़ेंगे तब कटा लेंगे।' ये आदत गलत है। हर पुरुष के ग्रूम्ड लुक के लिए सही समय पर हेयर कट जरूरी है। और ये नियम फिक्स होना चाहिए। आपको फिक्स अपॉइंटमेंट पर हर कुछ दिन में हेयर कट करा ही लेना चाहिए।

### आपकी वाली खुशबू

आप पूरी तरह से तैयार हैं और आपसे एक खास तरह की खुशबू भी आ रही है तो आप ग्रूम्ड मेन वाले खांचे में आसानी से फिट बैठ पाएंगे। इसके लिए आपको अपनी एक खास खुशबू चुननी होगी। आप एक या दो क्लासिक खुशबू चुन सकते हैं। आमतौर पर वुडी, स्पाइसी और हर्बी ब्लेंड जाड़े में अच्छे से काम करता है।

### दांतों का रखिए ध्यान

जैसे आपकी आंखें, आपके दिल का हाल कह देती हैं, ठीक वैसे ही आपके दांत भी आपके कैरेक्टर को बयां कर देते हैं। अपनी ग्रूमिंग करने हुए दांत की सफाई में आप कितना समय देते हैं? ज्यादातर लोग कहेंगे कि रूटीन वाली सफाई करते ही हैं। लेकिन दांत अच्छे से साफ करने के लिए आपको इनका ज्यादा ध्यान रखना होगा। रिसर्च कहती हैं इलेक्ट्रिक ब्रश 11 प्रतिशत ज्यादा सफाई करते हैं। आप इनका इस्तेमाल करें और माउथ वॉश भी जरूर करें।

### स्क्रब भी करें इस्तेमाल

स्क्रब एक ऐसा प्रोडक्ट है जो अभी भी ज्यादातर लोगों की ग्रूमिंग में शामिल नहीं हुआ है। जबकि स्क्रब का नियम से इस्तेमाल स्किन को हमेशा जवां रखता है। स्क्रब वो लें जिसमें नेचुरल इंग्रिडिएंट्स हों जैसे ओट्स, एप्रिकॉट। इसको इस्तेमाल करने से स्किन की गंदगी निकल जाती है और ये फ्रेश एकदम हो जाती है।

### डार्क सर्कल का करें उपाय

अगर समय की आपाधापी और नींद की कमी से आपकी आंखों के आसपास डार्क सर्कल हो गए हैं तो इनका इलाज भी आपको कर लेना चाहिए। क्योंकि आप पूरी तरह से ग्रूम होंगे तो भी ये डार्क सर्कल आपको पर्फेक्ट लुक नहीं मिलने देंगे। आप आई क्रीम लगाइए या आप कोई घरेलू इलाज कीजिए लेकिन डार्क सर्कल को जरूर खत्म कीजिए।

